● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 222, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार, 24 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

सभी मंदिरों की जल्द कराई जायेगी सफाई : चन्द्रबाबू 5

टीम इंडिया के अश्विन भी महत्वपूर्ण 6

रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म हमारा मंत्र : पीएम

न्यूयार्क। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका दौरे के दूसरे दिन न्यूयॉर्क के इनडोर स्टेडियम में प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने दुनिया की दिग्गज टेक कंपनियों के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ राउंड टेबल बैठक भी की। आज प्रधानमंत्री संयुक्त राष्ट्र महासभा में समिट ऑफ फ्यूचर को संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रमुख सीईओ की राउंड टेबल बैठक के बाद होलटेक इंटरनेशनल के सीईओ क्रिस सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री ने मुझसे कहा कि वह भारत को ऊर्जा के मामले में स्वतंत्र बनाना चाहते हैं, वह देश में स्वच्छ ऊर्जा को तेजी से बढ़ाना चाहते हैं और यह बैठक स्वच्छ ऊर्जा के लिए थी। मैंने उन्हें समझाया कि मौजूदा कोयला संयंत्रों को हमारे छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों में

सेमीकंडक्टर को लेकर भारत गंभीर

बदला जा सकता है, संयंत्र की क्षमता तीन गुना बढ़ जाएगी। प्रधानमंत्री मुद्दे को समझते हैं, चुनौतियों को समझते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रमुख सीईओ की राउंड टेबल बैठक के बाद एक्सेंचर की सीईओ जूली स्वीट ने कहा, मुझे प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर और अगले दशक के लिए उनके नेतृत्व और दृष्टिकोण के बारे में अधिक जानकर सम्मानित महसूस हुआ... मैं एक्सेंचर जैसी कई अन्य कंपनियों की भारत में अपने व्यवसाय को बढ़ाने और भारत में हमारे कर्मचारियों को दुनिया की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध होने के बारे में सुनकर भी बहुत उत्साहित रही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रमुख सीईओ की राउंड टेबल बैठक के बाद एचपी आईएनसी के सीईओ एनरिक लोरेस ने कहा, हम स्पष्ट रूप से प्रधानमंत्री द्वारा यह जानने और समझने के लिए आभारी हैं कि हमें भारत में विस्तार जारी रखने के लिए क्या चाहिए। हमने अभी घोषणा की है कि हम भारत में अपनी विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार कर रहे हैं। इसलिए हमें प्रधानमंत्री के साथ इसे साझा करने पर बहुत गर्व है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रमुख सीईओ की राउंड टेबल बैठक के बाद एली लिली के सीईओ डेविड रिक्स ने कहा, हमने प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रौद्योगिकी की उन्नति, एआई और जैव प्रौद्योगिकी के उपयोग और आर्थिक रूप से उभरती महाशक्ति के रूप में भारत के विकास के बारे में विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक शानदार बैठक की। भारत में हमारे पास पहले से ही एक बड़ा शोध-आधारित केंद्र है। हम इसे बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम जो उत्पाद बनाते हैं, खासकर मोटापे, मधुमेह जैसी सामान्य स्थितियों के लिए, जिनसे बहुत से भारतीय पीड़ित हैं - हम इस बाजार में बड़े पैमाने पर लाएंगे, अन्य भारतीय कंपनियों के साथ साझेदारी करेंगे, भारत में उत्पादकों के साथ मिलकर काम करेंगे और भारत में लोगों को स्वस्थ जीवन जीने में मदद करेंगे... भारत के साथ काम करना एक रोमांचक क्षण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रमुख सीईओ की राउंड टेबल बैठक के बाद बायोजेन के सीईओ क्रिस विएहबैकर ने कहा, मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण है कि 21वीं सदी प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित होगी और वे स्पष्ट रूप से चाहते हैं कि भारत प्रौद्योगिकी की प्रगति में सबसे आगे और केंद्र में रहे।

आयुष्मान भारत योजना जरूरत मंदों के लिए संजीवनी से कम नहीं : डॉ. यादव

प्रधानमंत्री मोदी का मुख्यमंत्री ने माना आभार

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वस्थ नागरिकों से समृद्ध राष्ट्र निर्माण के लिए प्रारंभ की गई ऐतिहासिक आयुष्मान भारत योजना के सफल क्रिन्यान्वयन के 6 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश के सभी नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत 6 वर्ष में देश के गरीब नागरिकों को बड़ी और गंभीर बीमारियों से उबरने और निरोग रहने की जो शक्ति मिली है, वो किसी संजीवनी से कम नहीं है।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में लगभग 4 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। प्रदेश के एक करोड़ 8 लाख परिवारों को योजना का लाभ मिल रहा है। अब तक 45 लाख प्रकरणों में उपचार सहायता

भी दी जा चुकी है। मध्यप्रदेश योजना के क्रियान्वयन में अग्रणी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के लाखों परिवारों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों को इस उपयोगी योजना का वृहद स्तर पर लाभ दिलवाया है। देश के करोड़ों हितग्राहियों को लाभान्वित कर चुकी इस योजना का लाभ अब 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भी मिलेगा। आयुष्मान भारत - जन आरोग्य योजना के माध्यम से लाभान्वित होने वाले व्यक्तियों का दायरा बढ़ रहा है। अब इस महत्वपूर्ण योजना में नया आयाम जुड़ रहा है, जिसके लिए बुजुर्ग जन अपना आशीर्वाद भी प्रधानमंत्री को दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस योजना के संचालन से असंख्य परिवारों को बीमारियों के इलाज पर होने वाले बड़े खर्च से भी बचाया जा सका है। ऐसे लाभान्वित परिवार मोदी जी के आभारी रहेंगे। राज्य सरकार का संकल्प है कि मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक नागरिकों को अवश्यकता होने पर योजना का लाभ प्राप्त हो।

चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना, डाउनलोड करना अपराध : सुको

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना और देखना पास्को और आईटी एक्ट के तहत अपराध है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए फैसला सुनाया।

मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर कोई ऐसा कंटेंट डाउनलोड करता और देखता है, तो यह अपराध नहीं, जब तक कि नीयत इसे प्रसारित करने की न हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कंटेंट का स्टोरेज, इसे डिलीट ना करना और इसकी शिकायत ना करना बताता है कि इसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है। हाईकोर्ट ने ये केस खारिज करके अपने फैसले में गंभीर गलती की है। हम उसका फैसला रद्द करते हैं और केस को वापस सेशन कोर्ट भेजते हैं। चाइल्ड पोर्नोग्राफी की जगह चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉएटेटिव एंड एब्यूसिव मटेरियल शब्द का इस्तेमाल किया जाए। केंद्र सरकार अध्यादेश लाकर बदलाव करे। अदालतें भी इस शब्द का इस्तेमाल न करें। हम संसद को सुझाव देते हैं कि पास्को एक्ट में बदलाव करें और इसके बाद चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द की जगह चाइल्ड सेक्शुअली एब्यूसिव एंड एक्सप्लॉइटेटिव मटेरियल का इस्तेमाल किया जाए। इसके लिए अध्यादेश भी लाया जा सकता है। सीएसइएएम शब्द सही तरीके से बताएगा कि यह महज अश्लील कंटेंट नहीं, बच्चे के साथ हुई घटना का एक रिकॉर्ड है। वो घटना जिसमें बच्चे का यौन शोषण हुआ या फिर ऐसे शोषण को विजुअली दिखाया गया हो। बच्चों के खिलाफ अपराध सिर्फ यौन शोषण तक ही सीमित नहीं रहते हैं।

सीए की मौत पर सीतारमण बोलीं- आत्मशक्ति की कमी थी

पुणे। पुणे में अर्नस्ट एंड यंग इंडिया कंपनी की 26 साल की सीए एना सेबेस्चियन की मौत पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बयान के बाद विवाद शुरू हो गया है। सीतारमण ने 22 सितंबर को कहा था कि एक महिला सीए काम के दबाव को सहन नहीं कर पाई। दबाव झेलने की ताकत ईश्वर से आती है, इसलिए ईश्वर की शरण में जाएं। इस पर शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि सीए की पढ़ाई के दौरान ऐना के अंदर दबाव झेलने की शक्ति आ गई थी, लेकिन टॉक्सिक वर्क कल्चर और लंबे समय तक काम करने की वजह से उसकी जान गई।

झारखंड सरकार पर बरसे शिवराज

नई दिल्ली

बहरागोड़ा में केंद्रीय मंत्री की जनसभा के दौरान बारिश भी हो रही थी। लेकिन जनसभा में आई भीड़ को देखकर गदगद दिखे शिवराज सिंह चौहान ने कहा, बादल बरस रहे हैं, बिजली चमक रही है और भारी बारिश हो रही है, लेकिन फिर भी आप बदलाव लाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। यह देखकर, आज मैं कह सकता हूं कि अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा,

कमल खिलेगा और बदलाव आएगा।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, जैसे बादल संकट बनकर आए हैं, हेमंत सोरेन सरकार इन बादलों से भी बड़ा संकट है, यह झामुमो नहीं बल्कि हेमंत सोरेन की तरफ से चलाई जा रही जुर्म, हत्या और माफिया सरकार है।

भाजपा की सरकार बनाइए धरती-बेटी रहेगी सुरक्षित

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा, कि मैं प्रधानमंत्री की ओर से झारखंड की महिलाओं से वादा करता हूं - झारखंड में भाजपा की सरकार बनाइए और यहां की धरती सुरक्षित रहेगी और यहां की बेटियां भी सुरक्षित रहेंगी।

इजराइल ने लेबनान पर 300 मिसाइल दागीं, 274 की मौत

बेरूत। इजराइल ने सोमवार, 23 सितंबर को पूरे लेबनान में 300 से ज्यादा मिसाइल दागीं। इस हमले में अब तक 274 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 1000 से ज्यादा लोग घायल हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इसमें 21 बच्चे हैं। अलजजीरा के मुताबिक गाजा जंग शुरू होने के बाद लेबनान पर यह अब तक सबसे बड़ा हमला है। हमले के बाद लेबनान में दो दिन के लिए स्कूल बंद कर दिए गए हैं। लोग सुरक्षित जगहों पर जाते देखे गए।

तिरुपति लड्डू विवाद-मंदिर का शुद्धिकरण हुआ

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) की शुद्धि के लिए महाशांति यज्ञ किया गया। सोमवार सुबह 6 से 10 बजे तक चले पंचगव्य प्रोक्षण (शुद्धिकरण) में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम बोर्ड के अधिकारी समेत 20 पुजारी शामिल हुए। अनुष्ठान में लड्डू और अन्नप्रसादम रसोई की शुद्धि की गई। आंध्र के सीएम चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी ने 18 सितंबर को आरोप लगाया था कि राज्य में वाईएसआर कांग्रेस सरकार में तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डू में जानवरों की चर्बी वाला घी और फिश ऑयल मिलाया गया था। इसके अगले दिन टीडीपी ने एक लैब रिपोर्ट दिखाकर अपने आरोपों की पुष्टि का दावा किया।

राज्य सरकार ने तिरुपति मंदिर के लड्डुओं की जांच के लिए एसआईटी बना दी है। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

पुजारी बोले- अब मंदिर पूरी तरह शुद्ध, प्रसाद घर ले जा सकते हैं मंदिर के मुख्य पुजारियों में से एक कृष्ण शेषाचल दीक्षितुलु कहते हैं, सरकार एक प्रस्ताव लेकर आई कि मंदिर को शुद्ध करने के लिए क्या किया जाए।

जैसे भरत ने खड़ाऊं रखकर सिंहासन संभाला, मैं दिल्ली संभालूंगी : आतिशी

आतिशी ने सीएम की कुर्सी खाली छोड़ी, भाजपा बोली- चापलूसी नहीं, काम करें

नई दिल्ली। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार (23 सितंबर) को पदभार संभाल लिया। वह सुबह 12 बजे ष्टरू ऑफिस पहुंची और औपचारिकताएं पूरी कीं। इस दौरान आतिशी ने सीएम ऑफिस में एक खाली कुर्सी छोड़ दी और खुद दूसरी कुर्सी पर बैठीं।

आतिशी ने कहा- जैसे राम के वनवास जाने के बाद भरत ने खड़ाऊं रखकर अयोध्या का सिंहासन संभाला, मैं उसी तरह दिल्ली सीएम की कुर्सी संभालूंगी। 4 महीने बाद दिल्ली के लोग

केजरीवाल को फिर से इसी कुर्सी पर बैठाएंगे। तब तक ये कुर्सी इसी कमरे में रहेगी और केजरीवाल जी का इंतजार करेगी। आतिशी के बयान पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा- इस हरकत से आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की गरिमा के साथ ही दिल्ली की जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। यह कोई आदर्श नहीं हैं। सीधी भाषा में चापलूसी है। केजरीवाल बताएं, क्या सरकार रिमोट कंट्रोल से चलाएंगे। दिल्ली शराब नीति केस में 13 सितंबर को जमानत पर बाहर आने के बाद केजरीवाल ने 17 सितंबर को ष्टरूपद से इस्तीफा दे दिया था। 21 सितंबर को आतिशी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनीं। 23 सितंबर को उन्होंने 5 मंत्रियों के साथ शपथ ली।

आतिशी ने कहा- आज मैंने दिल्ली के सीएम का कार्यभार संभाला है। आज मेरे मन में वही व्यथा है, जब भगवान श्री राम 14 साल के लिए वनवास गए थे। जिस तरह भरत जी ने 14 साल तक भगवान श्री राम की खड़ाऊं रखकर अयोध्या का शासन संभाला। उसी तरह से आने वाले 4 महीने के लिए मैं दिल्ली सरकार चलाऊंगी।

चौथी बार सरकार बनने की गारंटी नहीं : गडकरी

लेकिन यह तय है- रामदास अठावले मंत्री बनेंगे, फिर कहा- मजाक कर रहा था

नागपुर। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को नागपुर में एक कार्यक्रम में कहा- केंद्र में भाजपा चौथी बार सरकार बनाए इसकी कोई गारंटी नहीं है, लेकिन हमारे सहयोगी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के चीफ रामदास अठावले अगली सरकार में मंत्री जरूर बनेंगे।

गडकरी जब यह बोल रहे थे, तब अठावले भी मंच पर मौजूद थे। हालांकि गडकरी ने मुस्कुराते हुए कहा, मैं केवल मजाक कर रहा था। दरअसल, कार्यक्रम अठावले को सम्मानित करने के लिए था। गडकरी ने उन्हें बाबा साहेब अंबेडकर पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान अठावले ने अपने भाषण में कहा था कि उन्हें अब तक 3 बार केंद्र में मंत्री पद मिला है और सरकार आने पर वह चौथी बार भी मंत्री बनेंगे। इस पर गडकरी ने कहा- अठावले मौसम वैज्ञानिक हैं।

सरकार दुर्गा पूजा कमेटियों को रु 10 लाख दे : हाईकोर्ट

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार (23 सितंबर) को ममता सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि दुर्गा पूजा पंडालों के लिए सरकार की तरफ से मिलने वाली 85000 रुपए की रकम मामूली है। आयोजकों का इससे कई गुना तो खर्च हो जाता होगा। सरकार को कम से कम हर दुर्गा पूजा समिति को 10 लाख रुपए की रकम देने पर विचार करना चाहिए।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस टी एस शिवगनम और जस्टिस बिवास पटनायक की बेंच दुर्गा पूजा आयोजकों को दी जाने वाली राशि पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की दलील थी कि पूजा समितियों को मिलने वाली सहायता राशि का कोई हिसाब-किताब नहीं होता।

बदलापुर कांड के आरोपी की एनकाउंटर में मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के बदलापुर में पिछले महीने केजी की 3 और 4 साल की 2 बच्चियों से यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे की एनकाउंटर में मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी ने सोमवार को पुलिस रिवॉल्वर छीनी और 3 राउंड फायरिंग की। इसमें एक अफसर घायल हो गया।

जवाबी कार्रवाई में आरोपी शिंदे को गोली लगी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना शाम साढ़े 5 बजे की है। शुरुआत में जानकारी मिली थी कि आरोपी ने पुलिस रिवॉल्वर छीनकर खुदकुशी कर ली है। यौन शोषण की घटना 12 और 13 अगस्त की है। बदलापुर के आदर्श स्कूल में 23 साल के स्वीपर अक्षय शिंदे ने दोनों बच्चियों का यौन शोषण किया था। बदलापुर यौन शोषण केस में कल (24 सितंबर) सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। एक एनजीओ की याचिका में देशभर में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गाइडलाइन जारी करने की मांग की गई है।

1 अगस्त को अक्षय ने स्कूल जॉइन किया था, 12-13 अगस्त को यौन शोषण किया यौन शोषण की घटना के बाद दोनों लड़कियां स्कूल जाने से डर रही थीं। माता-पिता को संदेह हुआ। उन्होंने लड़की को भरोसे में लेकर पूछताछ की तो बात सामने आई।

एक पेरेंट्स ने उसी कक्षा की दूसरी लड़की के माता-पिता से संपर्क किया। जब डॉक्टर ने जांच की तो असल घटना सामने आई।

राष्ट्र विरोधी ताकतों को बढ़ावा देती है कांग्रेस-जेएमएम : नड्डा

रांची। बीजेपी के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को झारखंड के खूंटी से परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की। इस दौरान जनता को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि, भाजपा आदिवासियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध एकमात्र पार्टी है, राजद-झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने झारखंड में उन्हें धोखा दिया है। झारखंड में घुसपैठिए जमीन हड़प रहे हैं और आदिवासियों से शादी कर रहे हैं, झामुमो वोट के लिए उनका संरक्षण कर रहा है।

जेपी नड्डा ने कहा कि, आप सभी के आशीर्वाद से नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। मैं लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड आया था और चुनावी सभाएं की थीं, उस समय भी हमें मालूम था कि इंडी अलायंस द्वारा किस तरह से झूठ फैलाया जा रहा है, लोगों को बरगलाया जा रहा है। मैं झारखंड की भोली भाली जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने इंडी अलायंस की एक नहीं सुनी और यहां से भाजपा को जीत हासिल करवाई।

बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी जो महाभ्रष्ट पार्टी है, जो राष्ट्र विरोधी तत्वों व अलगाववादी तत्वों की पोषक है। कांग्रेस ने प्रदेश और देश को भाई भतीजावाद, तुष्टीकरण की राजनीति, भ्रष्टाचार, परिवारवाद से ग्रसित किया। हमारे हेमंत सोरेन साहब ने भी कांग्रेस से सीखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जेएमएम भी भ्रष्टाचारी पार्टी बन गई, परिवारवाद को बढ़ावा दिया, भाई भतीजावाद को पनाह दी, युवाओं के साथ छल किया और अपने ही परिवार में जो पराए दिखे उन्हें दरकिनार किया। झारखंड को

कांग्रेस, जेएमएम और आरजेडी से मुक्ति दिलाने का काम करना होगा।

नड्डा ने आगे कहा कि, जब जेएमएम आदिवासी अस्मिता की बात करती है, तो उसकी अस्मिता सिर्फ अपने परिवार तक ही सीमित रह जाती है। क्या चंपई सोरेन आदिवासी नहीं थे, क्या सीता सोरेन आदिवासी नहीं हैं, उन्हें अपमानित क्यों किया गया? आपको याद रखना होगा कि अगर आदिवासियों के हित की रक्षा किसी ने की है या करेगी तो वह अकेली भाजपा पार्टी है।

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड की माताएं, बहनें, बेटियां अपील कर रही हैं कि झारखंड की माटी, रोटी, बेटी संकट में है। माटी मतलब विदेशी घुसपैठियां आ रहे हैं, बेटी मतलब बेटियां सुरक्षित नहीं है और रोटी मतलब रोजगार नहीं है और इसलिए वो अपील कर रही हैं कि माटी, रोटी, बेटी बचा लीजिए। मैं अपनी बहनों को भाजपा की ओर से कहना चाहता हूं कि हम माटी, रोटी, बेटी को सुरक्षित करेंगे...भाजपा का संकल्प है कि हम रोजगार भी देंगे और विदेशी घुसपैठ नहीं होने देंगे।

शिवराज सिंह आगे कहा कि, मैं आज भारतीय जनता पार्टी की तरफ से आपको वचन देता हूं कि झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर गरीब को पक्का मकान दिया जाएगा। गरीबों को मकान बनाने के लिए रेत फ्री में देंगे। मैं आज आपसे ये कहने आया हूं कि हम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर बनाएंगे। ताकि कोई विदेशी घुसपैठिया अपना आधार कार्ड न बनवा पाए, वोटर लिस्ट में अपना नाम न लिखवा पाए।

वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को कहा कि हम वादा करते हैं कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो हम झारखंड से घुसपैठियों को बाहर निकाल देंगे। राज्य में केवल अवैध प्रवासियों का सम्मान किया जाता है। हम उन्हें बाहर निकाल देंगे।

सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतो का संतुष्टि पूर्वक करे निराकरण : कलेक्टर

जनमन अभियान के तहत निर्धारित पैरामीटरो को लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण करने का दिये निर्देश

सिंगरौली। सीएम हेल्प लाईन के लंबित आवेंदनो को संतुष्टि पूर्वक समय सीमा में निराकृत किया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही पीएम जनमन योजना के अंतर्गत निर्धारित पैरामीटर के अनुसार लक्ष्य के अनुरूप कार्य किया जाना सुनिश्चित करे। उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा जिलाधिकारियो को दिया गया।

कलेक्टर ने विभागवार 50 दिवस, 100 दिवस के लंबित शिकायतो के निराकरण के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिये कि अभी भी कुछ विभागो के द्वारा लंबित प्रकरणो का निराकरण न करने के फलस्वरूप जिले की ग्रेडिंग प्रभावित हो रही है। जो अत्यन्त ही खेदजनक है। उन्होंने निर्देश दिये कि लंबित शिकायतों का समय के अनुसार संतुष्टि पूर्वक निराकरण करे। तथा जो सी श्रेणी में है वे बी श्रेणी में आये प्राप्त शिकायतो को अनअटेंड न छोड़े अनिवार्य रूप से अटेंड किया जाये। कलेक्टर ने जनमन अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों विभिन्न योजनाओं के तहत दिये जाने वाले लाभ के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिये कि उक्त योजना के तहत निर्धारित की गये सभी पैरामीटरो के तहत शत प्रतिशत कार्य किया जाकर हितग्राहियों को लाभ दिया जाना है। उन्होंने जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारियो को इस आशय के निर्देश दिये कि आधार कार्ड, समंग्र आईडी, आयुष्मान कार्ड पात्र हितग्राहियों का शत प्रतिशत बनाये जाने हेतु सचिव, रोजगार सहायक, आशा कार्यकर्ता सहित अपने अधिनस्थ क्षेत्र के कर्मचारियों को जोड़कर लक्ष्य के अनुरूप कार्ड तैयार कराया जाना सुनिश्चित करे। कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे।बैठक के दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को दिये जाने वाले लाभ की जानकारी प्राप्त करने के पश्चात संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि उक्त योजना का लाभ पराम्परिक शिल्पकार, कारीगरो कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित कर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही समय समय पर योजना के प्रगति की जानकारी से अवगत कराये। बैठक के अंत में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने अपने अपने विभागो संबंधित जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराये।बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर अरविंद झा, पी.के सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, राजेश शुक्ला, नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, तहसीलदार रमेश कोल सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

शासकीय हाई स्कूल शाहपुर मे नवभारत साक्षरता परीक्षा आयोजित

सिंगरौली। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार शासकीय हाई स्कूल शाहपुर में उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती जितेंद्र कौर थापर के मार्गदर्शन में विद्यालय के समीप के समुदाय में निवासरत नव साक्षर परीक्षा में शामिल हुए। आज ही राष्ट्रीय बालिका दिवस भी छात्राओं का विशेष सम्मान कर मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की वरिष्ट शिक्षिका श्रीमती अर्चना मिश्रा द्वारा स्थानीय महिलाओं के सहयोग से बालिका गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक शरद कुमार पाण्डेय, श्रीमती नीलू शुक्ला, श्रीमती माया पटेल,जन समुदाय और विद्यालय के छात्र-छात्राये उपस्थित रहे। उल्लास नवभारत साक्षरता के जिला नोडल संदीप कुमार दुबे और जिला परियोजना समन्वयक राम लखन शुक्ला के निर्देशानुसार परीक्षा का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कथुरा के लउआ नदी से रेत का अवैध कारोबार जोरों पर

रेत निकलवाने की कारखास ने ली जिम्मेदारी, माड़ा प्रभारी बने अनजान

सिंगरौली। जिले के माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कथुरा लउआ नदी से अवैध रेत का परिवहन जोरो से चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि माड़ा थाना के कारखास ने रेत चलवाने की जिम्मेदारी ली हैं।

बीते दिवस जिले की पालक मंत्री श्रीमती संपत्तियां उइके के सिंगरौली आगमन पर ग्राम पंचायत कथुरा के ग्रामीणों ने प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कहां की सरपंच द्वारा अपनी निजी ट्रैक्टर से मनमाने ढंग से ग्राम पंचायत कथुरा के लउआ नदी से रेत उठाकर गांव के अगल-बगल बेचा जा रहा है जहां से बालू उठाई जा रही है। वहीं पर जल संसाधन विभाग द्वारा जमीन के नीचे मोटी पाइप डाली गई थी लेकिन बालू उठा लेने के कारण पाइप ऊपर लगभग 100 मीटर दिख रही है। जिससे शासकीय नुकसान हो रहा है। इसके बावजूद माड़ा पुलिस के संरक्षण में नदी से अवैध रेत का उत्खनन और परिवहन कराया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि माड़ा पुलिस के द्वारा काफी लंबे अरसे

से लउआ नदी से रेत का अवैध परिवहन हो रहा है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कई बार पुलिस को की है यहां तक की स्थानीय लोगों के द्वारा वीडियो बनाकर माड़ा थाना पुलिस को दिया गया है ताकि पुलिस इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगा सके। लेकिन पुलिस के द्वारा कार्यवाही करने की बजाय खुला संरक्षण दिया जा रहा है। सूत्र तो यह भी दावा करते हैं कि कथुरा पंचायत के सरपंच के द्वारा रेत का अवैध परिवहन कराया जा रहा है। जब स्थानीय लोग इसका विरोध करते हैं तो सरपंच के द्वारा कहा जाता है कि जहां भी शिकायत करनी हो कर दो। क्योंकि कहीं सुनवाई नहीं होगी। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक के कारखास होने की वजह से पुलिस भी कार्यवाही करने से कतरा रही है। यही कारण है कि आम जनता परेशान हाल है और कहीं से सुनवाई नहीं हो रही हैं।

कारखास के इशारे पर हो रहा कारोबार

सूत्रों की बातों पर गौर करें तो माड़ा थाना की कारखासी करने वाले के इशारे पर लउआ नदी कथुरा ने अवैध रेत का कारोबार किया जा रहा है। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि कई बार इस कारखास को वीडियो भी उपलब्ध कराया गया, लेकिन पुलिस कार्यवाही करने से कतरा रही है। उसकी सबसे बड़ी वजह यह बताई जाती है की कारखास के इशारे पर अवैध रेत का धंधा चल रहा है। इस कारोबार को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने की बात कही है।

सिंगरौली स्वच्छता ऑनलाइन क्विज के विजेताओं को कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

सिंगरौली। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत सिंगरौली जिले में जन भागीदारी को बढ़ावा देने और आम जन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में चलाए जा रहे विभिन्न गतिविधियों के तहत दिनांक 20 सितंबर 2024 को आयोजित हुए ऑनलाइन स्वच्छता क्विज प्रतियोगिता में कुल 4897 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। जिसमें प्रथम स्थान श्रीमती सुमन पांडे, द्वितीय स्थान श्रीमती राधा देवी साकेत तथा तृतीय स्थान संजय शाह ने प्राप्त किया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को इनाम स्वरूप क्रमशः रूपये 5000, रूपये 3000 एवं रूपय 1500 कलेक्टर सिंगरौली चंद्रशेखर शुक्ला द्वारा 23 सितंबर 2024 को कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रदान कर सम्मानित किया गया। वही क्वीज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। ऑनलाइन स्वच्छता क्विज प्रतियोगिता के अगले चरण का आयोजन 27 सितंबर किया जायेगा जिसमे जिले के सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकेंगे।

संभागीय बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें : कमिश्नर

कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा की

सिंगरौली। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय बैठक के एजेण्डा बिंदुओं की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि 25 सितम्बर को अतिरिक्त मुख्य सचिव संभागीय बैठकों में दिए गए निर्देशों के पालन की समीक्षा करेंगे। सभी संबंधित अधिकारी पालन प्रतिवेदन को ऑनलाइन अपडेट करा दें। निर्माण कार्यों के संबंध में अद्यतन स्थिति तथा पूरा होने की तिथि का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें। शासन स्तर को स्वीकृति के लिए भेजे गए प्रस्तावों का लगातार फालोअप करके उन्हें स्वीकृति दिलाएं। संभागीय बैठक में 25 सितम्बर को सिंगरौली

जिले के अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल होंगे। शेष सभी अधिकारी कमिश्नर कार्यालय सभाकक्ष में उपस्थित रहेंगे। सभी अधिकारी विभागीय कार्यों और योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी भी प्रस्तुत करें जिससे इनका समुचित प्रचार-प्रसार किया जा सके।

बैठक में कमिश्नर ने सिंगरौली जिले की बैढ़न समूह नलजल योजना, चितरंगी महाविद्यालय में नए संकाय शुरू करने तथा निराश्रित गौवंश को व्यवस्थित करने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बरगी परियोजना में निर्माणाधीन स्लीमनाबाद टनल में अभी 1129 मीटर में निर्माण कार्य शेष है। इसे दिसम्बर 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। संभाग के सभी जिलों में पर्याप्त संख्या में ट्रांसफार्मर उपलब्ध हैं। बैठक में संभागीय बैठक के सभी एजेण्डा बिंदुओं पर समीक्षा की गई। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर श्री चन्द्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा, एसडीओ वन विभाग एन.के त्रिपाठी,कार्यपालन लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, महाप्रबंधक जल निगम, अंग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य आदि उपस्थित रहे।

इंसानियत शर्मसार, पति डंडे से दौड़ा दौड़ा कर पीटा फिर पटका, वीडियो वायरल

सिंगरौली। जिले में पति-पत्नी की लड़ाई के बीच पति की क्रूरता का और पत्नी के साथ बेरहमी के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है यह वीडियो 11 सितंबर का है। जिसमें पति अपनी पत्नी को न सिर्फ दौड़ा कर पीट रहा है बल्कि बेरहमी के साथ उसे जमीन पर भी पटक दिया जिसके बाद पत्नी बेहोश हो गई पुलिस ने अलग-अलग धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जिले में महिलाओं पर अत्याचार के मामलों का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। गौरवी चौकी क्षेत्र से एक बार फिर इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार गोरबी चौकी क्षेत्र बिरकुनिया निवासी बीना बसोर ने पुलिस में पति बबुंदर बसोर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है कि उसका पति रविवार की दोपहर डंडे से पिटाई की है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पति बबुंदर बसोर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 676/24 धारा 296 115(2) 3 5 1 (2) ब्नहस् के तहत अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। वहीं घटना के बाद से आरोपी पति फरार है जिसकी तलाश की जा रही है ।बताया जा रहा है कि आरोपी पति अपनी पत्नी को दौड़ा दौड़ा कर डंडे से पीट रहा है। पत्नी रहम की भीख मांगती रही, लेकिन हैवान पति परिवार वालों के सामने पिटता रहा। वहीं एक बुजुर्ग महिला और कुछ युवक आरोपी पति को ना केवल पारपीट से रोक रहें बल्कि आरोपी युवक से डंडा छुड़ाते हुए भी नजर आ रहे हैं।

एनटीपीसी-विंध्याचल में कोर वैल्यू के अंतर्गत संगठनात्मक गौरव जागरूकता रैली का किया गया आयोजन

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल में जुलाई 2024 से दिसंबर 2024 तक कोर वैल्यू उत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक माह के लिए एक-एक कर्मचारी को कोर वैल्यू चैम्पियन नामित किया गया है। इसी कड़ी में एनटीपीसी-विंध्याचल में सितंबर माह के लिए कोर वैल्यू चैम्पियन अपर महाप्रबंधक(ईएमडी)संदीप कोहली को नामित किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न वर्गों -कर्मचारियों , उनके परिवारों व बच्चों एवं संविदा कर्मचारियों के लिए संगठनात्मक गौरव पर आधारित विभिन्न

प्रतियोगितायें जैसे - कहानी लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, कविता लेखन एवं नारा प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत संगठनात्मक गौरव पर आधारित प्रत्येक दिन एनटीपीसी विंध्याचल को प्राप्त पुरस्कारों को इंट्रानेट पर प्रदर्शित किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक कर्मचारी में अपने परियोजना के प्रति गर्व की गहरी भावना पैदा होती है।इसी कड़ी में बीते 22 सितंबर को प्रातः 7.00 बजे से कोर वैल्यू चैम्पियन अपर महाप्रबंधक (ईएमडी) संदीप कोहली द्वारा कोर वैल्यू के अंतर्गत संगठनात्मक गौरव जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली परियोजना के नेताजी सुभाष चंद्र बोस लेक पार्क से प्रारम्भ होकर हॉस्पिटल से होते हुये लेक पार्क पर ही समाप्त हुई। रैली के पश्चात मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा ने कोर वैल्यू के अंतर्गत संगठनात्मक गौरव जागरूकता रैली के अवसर पर सभी उपस्थित जनसमुदाय को संगठनात्मक गौरव की शपथ दिलाई एवं सभी को जागरूकता का संदेश दिया।

आंगनबाड़ी भवनों का होगा कायाकल्प, होगे सुसज्जित

सिंगरौली। आंगनवाड़ी भवनो के कायाकल्प को लेकर महिला बाल विकास विभाग पूरी तैयारी में लग गया है। जिले भर के आंगनबाड़ी भवन अब सुसज्जित होंगे। महिला बाल विकास अधिकारी राजेश राम गुप्ता ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी भवनों का कायाकल्प किया जाएगा। इसके लिए महिला बाल विकास विभाग सिंगरौली अंतर्गत जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा भी प्रकाशित कराई गई है। जेम बीड नंबर जेम/2024/ बी/5325070 के तहत प्रकाशन किया गया है जिसकी अंतिम तिथि 3 सितंबर रखी गई थी। सिंगरौली जिले के आंगनवाड़ी भवन की साफ सफाई सहित अन्य कार्य करायें जाएंगे।

विधायक एवं निगम अध्यक्ष के अगुवाई में वार्ड 41 में पार्क एवं आवासीय कालोनी में चला विशेष साफ सफाई अभियान

सिंगरौली। प्रदेश के सभी नगरीय निकाय में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2024 तक स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है द्यपूरे प्रदेश के जैसे ही सिंगरौली जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत विशेष साफ सफाई अभियान चल रहा है द्य जिसमे जनप्रतिनिधि, कर्मचारियों और नगारिको के सामूहिक प्रयास से प्रतिदिन स्वच्छता से सम्बन्धित अलग-अलग गतिविधि की जा रही है द्य सभी लोग प्रतिदिन अपने घर,गली,मोहल्ला और नगर की साफ-सफाई कर अपनी सहभागिता इस अभियान को दे रहे है द्य सभी सहभागिता के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक कर रहे है द्य इसी क्रम में आज सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय के अगुवाई में आज स्वच्छता ही सेवा% अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 41 गनियारी आवासीय योजना, केडी सिंह के घर के पास बने पार्क एवम आवासीय कालोनी में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जिसमे अवासीय कालोनी के लोगो ने बढ़चढ़ के सामूहिक रूप से हिस्सा लिया द्य इस अवसर पर पार्षद श्रीमती सीमा जायसवाल, अन्नू केशरवानी, उपायुक्त आरपी बैस, निगम के स्वक्षता निरीक्षक, सफाई दरोगा,कर्मचारी और सफाई मित्र द्वारा एकजुट हो साफ-सफाई कर नगर को स्वच्छ बनाने की शपथ ली द्यउसके साथ ही निगम अमले द्वारा आज नौगढ़ की पुलिया, वार्ड 14 कल्याण मंडप जयंत,वार्ड 45 नौगढ़ महिंद्रा एजेंसी के सामने, आदि जगहों पर साफ-सफाई कर दवाई छिड़काव किया गया।

जयंत पुलिस ने अवैध पेट्रोल परिवहन करते पिकअप वाहन को किया जप्त

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शिवकुमार वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विन्ध्यनगर श्रीमती अर्चना द्विवेदी कि सतत् निगरानी में चौकी प्रभारी जयंत अभिषेक पाण्डेय व पुलिस टीम द्वारा अवैध रुप से पेट्रोल परिवहन करने वाले पिकअप वाहन को जप्त किया गया । विगत कुछ दिनो से अवैध पेट्रोल परिवहन करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक सिंगरौली की ओर प्राप्त हो रही थी, जिस पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एक टीम चौकी प्रभारी जयंत अभिषेक पाण्डेय के नेतृत्व में गठित की जाकर अवैध पेट्रोल परिवहन करने वाली पिकअप वाहन पर कार्यवाही की गयी । बीते 22 सितंबर को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन यूपी-64टी-6433 में अवैध पेट्रोल सीएचपी तरफ से बस पडाव जयंत तरफ आ रहे है, जिसे घेराबंदी किया गया जो बस पडाव तरफ से सफेद रंग की पिकअप आते दिखी जिसे रोककर उनके चालक से पिकअप वाहन में लोड़ जरीकनो में अवैध पेट्रोल के संबंध में कागजात चाहा गया जो पिकअप के चालक ने अपना नाम शम्भू साहनी उम्र-44 वर्ष निवासी ग्राम भगवतपुर थाना पारू जिला मुजफ्फर बिहार हाल-लक्ष्मी मार्केट चौकी जयंत थाना विन्ध्यनगर जिला बताया तथा पिकअप वाहन में लोड़ पेट्रोल कुल-7 जरीकेन में 200 ली0 का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, जिस पर उक्त पिकअप वाहन मय पेट्रोल के जप्त किया गया।

सदस्यता महाभियान को गति देने सिंगरौली पहुंचे लोकसभा सांसद अनिल फिरौजिया

सिंगरौली। भारतीय जनता पार्टी के चल रहे सदस्यता महाभियान की समीक्षा तथा अभियान को गति देने के लिये लोकसभा उज्जैन के सांसद एवं क्लस्टर प्रभारी अनिल फिरौजिया अपने एक दिवसीय प्रवास पर सिंगरौली पहुंचे। राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा अनिल फिरौजिया को दस लोकसभा के एक क्लस्टर का प्रभारी बनाया गया है। क्लस्टर प्रभारी ने भाजपा कार्यालय पर अल्प समय? सदस्यता अभियान की समीक्षा की तथा अभियान की प्रगति पर संतोष प्रकट किया। कार्यालय में इंदौर सांसद के

मुख्य आतिथ्य में एक अल्प? बैठक भी आयोजित की गई तथा जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय उपस्थित रहे तथा बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने की। लोकसभा क्लस्टर प्रभारी एवं सांसद अनिल फिरौजिया ने कहा कि ये सदस्यता महाभियान हमारे संगठन की बुनियाद है आज देश भर में हर भाजपा कार्यकर्ता सदस्यता अभियान में सक्रिय हैं। स्वयं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तक से अपने बूथ पर सदस्यता अभियान में लगे हैं। हर बूथ पर 250 सदस्य बने ये हमारी पहली प्राथमिकता है। एक निर्धारित सदस्यता संख्या प्राप्त करने वाला कार्यकर्ता ही सक्रिय कार्यकर्ता बन सकेगा तथा संगठन में पदाधिकारी बनने की पात्रता प्राप्त कर सकेगा। आज हमारा भाजपा परिवार बहुत व्यापक हो चुका है। हमारी नीतियां हमें लगातार सत्ता में बनाए हुए हैं। हमारी सरकारों की जन कल्याणकारी नीतियां हर व्यक्ति को लाभान्वित करती हैं इसीलिए आज हर व्यक्ति भाजपा पर अपनी आस्था रखता है। हमारा दायित्व है कि हम अधिक से अधिक लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलायें तथा उनको भाजपा से जुड़े होने का बोध करायें।

गणित एवं अंग्रेजी विषय का आयोजित हुआ प्रशिक्षण

सीधी। इस वर्ष बेस्ट फाईव पद्धति समाप्त हो गई है अतः अब विद्यार्थियों को सभी विषयों में पास होना आवश्यक होगा। विगत वर्षो का अनुभव रहा है कि अधिकांश विद्यार्थी गणित एवं अंग्रेजी में पास नहीं हो पाते हैं तथा परीक्षा परिणाम प्रभावित होता है। अतः शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा परीक्षा परिणामों में सुधार लाने की दृष्टि से जिले के समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कक्षा 9वीं एवं 10वीं में अंग्रेजी तथा गणित विषय के शिक्षकों का प्रशिक्षण जिला उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में 22 सितम्बर को आयोजित हुआ। यह प्रशिक्षण आगामी 5 माह तक एक दिवसीय आयोजित किया जाना है। गणित विषय को सरल तरीके से पढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग ने कुछ बदलाव किए है जिसमें विषय के प्रति विद्यार्थियों में जिज्ञासा उत्पन्न होगी और वह डरेंगे भी नहीं। इस बार कक्षा 9 की परीक्षा में बेसिक और स्टैडर्ड गणित के अलग - अलग प्रश्न पूछे जाएंगे। डॉ सुजीत कुमार मिश्र एपीसी रमसा द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि दोनों विषय में सभी हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल से एक-एक शिक्षक उपस्थित हुये। श्री शम्भूनाथ त्रिपाठी प्राचार्य जिला उत्कृष्ट विद्यालय के नेतृत्व में गणित विषय में श्री सुशील कुमार निगम प्राचार्य शा.हाईस्कूल चोरबा और अंग्रेजी विषय में डॉ संजीव कुमार त्रिपाठी प्राचार्य शा.हाईस्कूल करमाई विषय के मुख्य प्रशिक्षक रहे।

जनमन संध्या कार्यक्रमों से बैगा हितग्राहियों को लाभान्वित करें : कलेक्टर

सीधी। पीएम जनमन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने बैगा जनजाति के हितग्राहियों को पात्रतानुसार सभी योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी ग्रामों में जनमन संध्या कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संध्या कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करें। जनमन योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा योजनाओं के हितलाभ से वंचित प्रत्येक बैगा परिवार को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। आयुष्मान कार्ड के संबंध में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगामी एक सप्ताह में शेष बचे बैगा हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनजातीय बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों के लिए परिपूर्णता लक्ष्य को अपनाकर जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी दी। उक्त अभियान के तहत सीधी जिले के 134 जनजातीय बहुल गांव लाभान्वित होंगे। विकासखंड कुसमी के 37, मझौली के 24, सिहावल के 14, सीधी के 48 तथा रामपुर नैकिन के 11 गांव लाभान्वित होंगे। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को भरना और पीएम जनमन (प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान) की सीख और सफलता के आधार पर जनजातीय क्षेत्रों एवं समुदायों का समग्र और सतत विकास सुनिश्चित करना है। इस मिशन में 25 कार्यक्रम शामिल हैं, जिन्हें 17 मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त को संबंधित विभागों से समन्वय कर लक्ष्य की प्राप्ति के निर्देश दिए हैं।

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शिकायतों को प्राथमिकता पर संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा करें। शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायत की वास्तविक स्थिति के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें। कोई भी शिकायत अन-अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए तथा निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यून होनी चाहिए। कलेक्टर ने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को आगामी एक सप्ताह में अभियान चलाकर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि विभाग प्रमुख शिकायतों की स्वयं निगरानी रखें तथा शिकायतों की संख्या के आधार पर आवश्यक प्रक्रियात्मक सुधार करें जिससे शिकायतों की संख्या में कमी आए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवेदनों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर समय-सीमा बाह्य प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों पर निर्धारित समयावधि में समस्त कार्यवाहियां पूर्ण कर विलोपित कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के कार्यालय से प्राप्त पत्रों पर कार्यवाही पूर्ण कर निर्धारित समयावधि में अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों को शासन के प्रमुख कार्यक्रमों की उपखण्ड स्तर पर नियमित समीक्षा करने तथा उक्त अभियानों के संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने शासकीय विभागों से संबंधित जमीन आवंटन के समस्त प्रकरणों में तीन दिवस के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मझौली में चिकित्सालय के नवीन भवन के निर्माण में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए सीईओ जिला पंचायत के नेतृत्व में दल का गठन कर संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

आदिवासी कन्या आश्रम शाला में बैगा नवसाक्षरों को कराया गया साक्षर

सीधी। नव भारत साक्षरता (उल्लास) अभियान अन्तर्गत बैगा बाहुल (पी.एम. जनमन) ग्राम गांधीग्राम में 50 नव साक्षर बैगा पुरूष एवं महिलाओं को साक्षर कराकर दिनांक 22 सितम्बर 2024 को पंजीयन परीक्षा सम्पन्न कराई गई। इस पावन कार्य में अनु. अ.ज. कन्या आश्रम शाला गांधीग्राम के प्रधानाध्यापक छठिलाल साकेत के मार्गदर्शन पर संस्था में कार्यरत शैक्षणिक स्टाफ श्रीमती कान्ती वर्मा उच्च श्रेणी शिक्षिका, श्रीमती उमा नेवइत माध्यमिक शाला श्रीमती शकुन्तला मिश्रा सहायक शिक्षिका, नरेन्द्र मिश्रा प्राथमिक शिक्षक, श्रीमती वैशाली पाण्डेय प्राथमिक शिक्षक, श्रीमती सोनाली कुशवाहा प्राथमिक शिक्षक व अक्षर साथी शैलेष कुमार विश्वकर्मा एवं श्रीमती सपना विश्वकर्मा का कार्य सहयोग सराहनीय रहा। इसी प्रकार विगत वर्ष 2023-24 में 20 वन परीक्षा 22 सितम्बर 2024 को जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी की टीम द्वारा भ्रमण कर निरीक्षण किया गया तथा पंजीयन परीक्षा व्यवस्था की सराहना की गई। भ्रमण टीम ने पंकज पाण्डेय, रामकृष्ण तिवारी, संजय कुमार पाण्डेय आदि सम्मिलित रहे।

अजय सिंह के जन्मदिन पर समर्थकों की जुटी भीड़

सीधी। पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक अजयसिंह के जन्मदिन पर आज बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं,कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने भोपाल स्थित उनके निवास सी 19, शिवाजी नगर पहुंचकर बधाई और शुभकामनाएं दी। अजय सिंह ने आज सबेरे उनके पिता तथा मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वे जन्मदिन पर बधाई देने वालों से मिलते रहे। दिन भर अजय सिंह से मिलने वालों का तांता लगा रहा। बधाई देने वालों में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, नीलांशु चतुर्वेदी, सतीश सिकरवार, जयवर्धन सिंह, पीसी शर्मा, दिनेश गुर्जर, ओमकार सिंह मरकाम, माणिक सिंह,सुखेन्द्र सिंह बना, साजिद अली, डॉ महेंद्र सिंह,रमेश चौधरी,भगवानसिंह यादव, विष्णु राजोरिया, प्रेमनारायण मिश्रा, देवेंद्र पटेल, नित्य निरंजन खम्परिया,ज्ञान सिंह, रुद्रप्रताप सिंह, मुजीब कुरैशी, डॉ आरिफ मुमताज,रघुराज सिंह, राकेश झालानी, फुंदेलाल मार्को, मधु गार्गव,वंशमणि वर्मा, शैलेन्द्र पटेल,जेपी धनोपिया, देवभान भदौरिया, श्रीमती विभा पटेल,श्रीमती मधु शर्मा, श्रीमती बसन्ती कोल, लक्ष्मण सिंह पथरिया, रामू टेकाम, प्रदीप अहिरवार, रवि सक्सेना, योगेंद्र तोमर, प्रमोद चौधरी, अजित भदौरिया,अवनीश बुंदेला, रवि सक्सेना, शाहवर जमान,जयसिंह देवास आदि शामिल थे। इस अवसर सीधी जिले और विंध्य से बड़ी संख्या कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजपा का सदस्य बनना गौरव की बात : वीरेंद्र गोयल

सीधी

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व के अंतर्गत प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में सिंगरौली जिले के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल ने कुचवाही और बरम बाबा मंडलों के विभिन्न शक्ति केंद्रो के अंतर्गत प्रवास करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के लिए सैकड़ो लोगों को प्रेरित किया और गली मोहल्ले में जाकर लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता दिलाने के पश्चात नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए सिंगरौली के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति के सदस्य वीरेंद्र गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्य होना गर्व की बात है। भारतीय जनता पार्टी ने आज देश के स्वाभिमान को वैश्विक स्तर पर पहुंचा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश दुनिया के कोने में भारतीयता का परचम लहरा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहने पर दो दो देशों के युद्ध विराम हो जाते हैं और ऐसी पार्टी का कार्यकर्ता और पदाधिकारी बना हर्ष और गौरव की बात है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से बरम बाबा मंडल के मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह, जिला महामंत्री विनोद साकेत, मंडल के प्रभारी एवं जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, कुचवाही मंडल अध्यक्ष रामराज गुप्ता, सिंगरौली के पूर्व उपाध्यक्ष प्रवीण तिवारी, मंडल महामंत्री राज कृपाल जायसवाल, प्रभात शंकर शर्मा, सूबेदास यादव सहित विभिन्न बूथो के बूथ अध्यक्ष, बूथ के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र के संयोजक उपस्थित रहे।

पोषण भी पढ़ाई भी, शिक्षा चौपाल का किया गया आयोजन

सीधी। पोषण माह के दौरान एक सितंबर से 30 सितंबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार 23 सितंबर को महिलाओं तथा बच्चों के लिए पोषण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन वार्ड नम्बर 7 में आगनवाड़ी केंद्र पर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं तथा अभिभावकों को अनौपचारिक शिक्षा को बढ़ावा देने एवं स्थानीय सामग्री से खिलौने बनाकर बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देना एवं पोषण भी पढ़ाई भी अंतर्गत बच्चों को आगनवाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति को बढ़ावा देना, पोषण पर चर्चा और समझाइस दी गई।

नवरात्रि में जिले के 21 हजार घरों में होगा शक्ति पूजन

सीधी। शक्तिपूजन की भव्य तैयारियों को लेकर स्थानीय गोपाल दास मंदिर में हिंदू जागरण मंच की बैठक संपन्न हुई, जिसमें नवरात्रि के पूरे 9 दिन घर घर जाकर संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा हर हिंदू घरों में शक्ति पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया जायेगा! इसके लिए संगठन की अभी तक 2 बड़ी बैठके हो चुकी है जिसकी योजना के अनुसार जिला पदाधिकारी प्रतिदिन 5 हिंदू घरों में, नगर/खंड एवं युवा वाहिनी के अन्य कार्यकर्ता भी प्रतिदिन 3 घरों में जाकर शक्ति पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराएंगे साथ ही वीरांगना वाहिनी की टोली मातृशक्तियों के भजन कार्यक्रम में जाकर वहां शक्तिपूजन का कार्यक्रम कराएंगी। उसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को अभी से अपनी सूची बनानी है, जिसमे जिला पदाधिकारियों को प्रतिदिन 5 के हिसाब से 9 दिन के लिए 45 हिंदू घरों के नाम अभी से निकालकर उनके यहां शक्तिपूजन हो ऐसा प्रयास करना पड़ेगा, साथ ही खंड/नगर/ या अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता को भी प्रतिदिन 3 हिंदू घरों में शक्तिपूजन कराने की योजना बनानी होगी उसके लिए उन सभी कार्यकर्ताओं को 21 लोगो की सूची अभी से बनानी होगी और बातचीत करना होगा, उक्त बातें प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सुमित जायसवाल ने रखी। उक्त बैठक में मुख्य रूप से उमा सिंह, पुनीतमणि त्रिपाठी, पूनम तिवारी, नीलेश शुक्ला, संतोष पाठक, राजकुमार गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, बीरेंद्र गुप्ता, नरेंद्र यादव, संतोष विश्वकर्मा, वीरेंद्र गुप्ता, महेश जायसवाल, रिंकू गुप्ता, अजय गुप्ता, अजीत परिहार, शिवम सोंधिया, विक्की त्रिपाठी, राजीव द्विवेदी, बलदेव वर्मा, अन्नपूर्णा सिंह, दीपाली सिंह, पूनम सिंह, रिंकी तिवारी, रंजीता गुप्ता, संध्या नामदेव, दीपमाला गुप्ता, उमा वर्मा, जया जायसवाल, सुनीतारानी वर्मा, सोनम सिंह, अनुराधा साकेत, नेहा खत्री, संगीता कुशवाहा, सुधा मिश्रा के साथ साथ जमोड़ी खंड के समस्त पदाधिकारी एवं कई ग्राम केंद्रों से आए नए कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आंगनवाड़ी केन्द्र में पोषण समारोह सम्पन्न

सीधी। एक सितंबर से 30 सितम्बर तक पोषण अभियान के अन्तर्गत बार्ड क्रमांक सात के आंगनवाड़ी केन्द्र में सार्वजनिक रूप से समारोह मनाया गया। यह समारोह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना शुक्ला, मंजुला पाण्डेय और नीलू सिंह के संयुक्त प्रयास से 23 सितम्बर को मनाया गया। यह आयोजन महिला बाल विकास अधिकारी आशा तिवारी के मुख्य आतिथ्य और पर्यवेक्षक मंजुला दिग्गा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बेटी बचाओ और वेटी पढाओ की मुहिम को मजबूत बनाने के लिए हेल्प लाइन का सहारा लेकर अपनी सुरक्षा कैसे करे,घरेलू पीड़ित महिलाओं को समस्या से कैसे निजात मिले इस सबकी जानकारी उपस्थित गर्भवती महिलाओ, धात्री महिलाओ और युवतियों को वन स्टाप सीधी से आई कर्मचारी अरुणिमा पाठक, और पुष्पलता ने दिया। बार्ड क्रमांक 7 की तीनों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषक विषयक समझाइश मधुरी गॉव की उपस्थित महिलाओं को दी।

मड़वास मंडल के पूर्व अध्यक्ष का निधन, भाजपाइयों ने जताया शोक

सीधी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मड़वास मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता व्यास मुनि द्विवेदी के निधन पर भाजपा ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए, दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने श्री द्विवेदी को एक पार्टी का वरिष्ठ एवं सामाजिक कार्यकर्ता बताया और इसे पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति बताया।

गणेश विद्यालय के दो प्रतिभाओं का राज्य स्तरीय खेल स्पर्धा में हुआ चयन

सीधी। संभाग स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में अपना लोहा मनवाने बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शहर के श्री गणेश हायर सेकेंडरी स्कूल, अमहा के छात्र खिलाड़ी अतुल वैश्य व अमन सेन का चयन हुआ है। जिला स्तर पर जीतने के बाद रीवा में हुई संभागीय प्रतियोगिता में भी छात्रों ने जीत का परचम लहराया। प्रवक्ता राजकपूर चितेरा ने बताया कि वॉलीबॉल 17 वर्ष आयु वर्ग में अतुल वैश्य, फुटबॉल 17 वर्ष आयु वर्ग में अमन सेन का राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। अब ये छात्र 24 से 27 सितंबर को नरसिंहपुर व शाजापुर जिले में अलग-अलग होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रीवा संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता से चयनित हुए खिलाड़ियों को उनके कोच माखनलाल मिश्र के साथ रवाना करते हुए प्राचार्य जे.एन मिश्र ने शुभकामनाएं व आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।

कहा कि जो खिलाड़ी अनुशासित रहकर पूरी निष्ठा के साथ खेल में अपना समय देंगे वहीं एक बेहतर खिलाड़ी बन सकते हैं। खेल में अनुशासन का होना अतिआवश्यक है।

सीधी मे निरंकारी महिला समागम सम्पन्न

सीधी। नूतन कालोनी स्तिथ संत संत निरंकारी सत्संग भवन मे दिनांक 22 सितम्बर रविवार को विशाल जोन स्तरीय महिला संत समागम सतगुरु माता सुदिशा जी महाराज की आशीर्वाद से ग्वालियर से पधारी केंद्रीय ज्ञान प्रचारक बहन श्रीमती आशा सिंह चौहान की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ उन्होंने फ़रमाया की जो मुख्य रूप से हम सबका लक्ष्य, वो है अपने प्रभु परमात्मा को जानकर इसकी भक्ति करते हुए सबसे सदाचार प्रेम पूर्वक व्यवहार सहनशीलता परोपकार से युक्त होकर अपनी जीवन यात्रा को तय करें आज निरंकारी सतगुरु माता सुदिशा जी महा राज ब्रह्म का ज्ञान देकर हमारे मन मे एकत्व की भावना को जाग्रत कर रही है. इस महिला समागम मे सीधी जिले के अलावा सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, डिंडोरी, सैकड़ो महिला भक्तो ने आकर भक्ति गीत, कविता, नाटक के माध्यम से प्रभु प्रेम से युक्त होकर जीवन जीने का सन्देश दिया, सीधी विधानसभा की लोकप्रिय विधायक आदरणीय बहन रीती पाठक जी ने भी निरंकारी मिशन के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की।

सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई हम सब की नैतिक जिम्मेदारी : भदौरिया

सीधी। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान सीधी द्वारा मंत्रालय के निर्देशानुसार हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में दिनॉक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक ''स्वच्छता ही सेवा'' की थीम पर आयोजित विशेष स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान के कर्मचारियों, अनुदेशको एवं कार्यकार्ताओं द्वारा जन सहभागिता के साथ श्रमदान कर संस्थान कार्यालय परिसर, अर्जुन नगर प्रशिक्षण केन्द्र एवं आस-पास की गलियों में फैले कचरे की साफ-सफाई के साथ कचरे का उचित अपसमन कर स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दिया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था संस्थापक राजेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा स्वच्छता गतिविधि में भाग लेते हुए उपस्थित प्रतिभागियों को बताया कि हमें स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में अपनाकर अपने घरों के साथ-साथ अपने आस-पास के परिवेश तथा सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई रखना बेहद आवश्यक है सार्वजनिक स्थालों की साफ-सफाई हम सभी का नैतिक जिम्मेदारी है। श्रमदान सार्वजनिक स्थलों की सफाई का एक सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से लोगों को अपने घरों के अलावा सार्वजनिक स्थलों की सफाई की प्रेरणा मिलती है साथ ही मिलजुल कर किया गया यह कार्य लोगों में एकता की भावना जागृत करता है।

श्रमदान में अपनी भागीदारी प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम के नोडल अधिकारी बृजेन्द्र सिंह तोमर द्वारा कहा कि वर्ममान में बीमारियों से बचने के लिए हमें वातावरण को स्वच्छ रखना अति आवश्यक है क्योंकि आस-पास की मौजूद गंदगी से गंभीर बीमारियों का खतरा बढ जाता है जिसके लिए हमें अपने परिवेश की साफ-सफाई रखना बेहद आवश्यक है।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी के सभी कार्यक्रम निरस्त

सीधी। चुरहट विधानसभा के ग्राम कमर्जी निवासी पंकज तिवारी की बिटिया आराध्या तिवारी पलक जो थैलीसीमिया से पीड़ित थी का उपचार के दौरान दुःखद निधन हो गया। हम सब दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े है। विंध्य की बिटिया आराध्या के दुःखद निधन हो जाने पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट माननीय अजय सिंह जी राहुल भैया के जन्म दिवस पर आयोजित ब्लाक कांग्रेस कमेटी चुरहट के सभी कार्यक्रम निरस्त किए गए हैं ब्लाक अध्यक्ष रामभिलाष पटेल ने जानकारी देते हुए बताया की राहुल भैया के जन्मदिन के शुभ अवसर पर चुरहट ब्लाक में जगह जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए थे जो इस प्रकार थे चुरहट अस्पताल में बरिगंवा अस्पताल,बरिगंवा स्कूल के पास पौधा रोपण,ग्राम पटपरा के पहटहा में,पटपरा हनुमान मंदिर में पौधा रोपण, ग्राम पंचायत सलैया के गायघाट मे, ग्राम बलियार में, ग्राम करकरहा स्कूल में, ग्राम कमर्जी मनाया जाना था ये सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं।

जिला अस्पताल बचावा, जिउ बचावा संघर्ष मोर्चा का हुआ गठन

सामुदायिक स्वस्थ केंद्र के समक्ष होगा धरना

सीधी। शासकीय जिला अस्पताल सीधी के निजीकरण के विरोध में जन आंदोलन की रूपरेखा तय करने एवं आवश्यक रणनीति पर चर्चा करने हेतु आज 23 सितम्बर को जिले के आम नागरिकों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उमेश तिवारी द्वारा की गई। बैठक में अपनी बात रखते हुए उमेश तिवारी ने कहा कि प्रदेश के 10 जिला अस्पताल सहित सीधी जिला अस्पताल एवं मेंडिकल कालेज को निजी हाथों में देकर सरकार ने प्रदेश एवं जिले के जनता के लिए घातक निर्णय लिया है। प्रदीप सिंह दीपू ने कहा कि जिला अस्पताल जिले के गरीब जनता की उम्मीद है निजीकरण होने से वह उम्मीद समाप्त हो जाएगी। डॉक्टर शिशिर मिश्रा ने कहा कि बड़ी इच्छा थी की सीधी में मेडिकल कॉलेज खुले लेकिन जब यह जानकारी हुई की मेडिकल कॉलेज के साथ अस्पताल को भी निजी हाथों पर दिया जा रहा है तो पैरों तले से जमीन खिसक गई। मनोज कोल ने कहा कि हम आदिवासी हैं सीधी आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है निजी हाथ में अस्पताल सौपाने से आदिवासी सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। हरि कुमार माझी एडवोकेट ने कहा कि लड़ने के बाद ही आजादी हमें मिली है हम अस्पताल के निजीकरण के विरोध में भी लड़ेंगे। देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि निजीकरण के विरोध में आंदोलन होना चाहिए हम सब सीधी वासी साथ में हैं। सचिन पांडे ने कहा कि निजीकरण के बजाय सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। विकास नारायण तिवारी ने कहा कि अस्पताल के निजीकरण का सरकार का निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण है। राजेंद्र जायसवाल एडवोकेट ने कहा कि अस्पताल के निजीकरण हो जाने से सबसे ज्यादा हरिजन आदिवासी पिछड़ा वर्ग शोषण एवं वंचित लोग स्वास्थ्य की सेवाओं से वंचित होंगे। प्रभात वर्मा ने कहा कि जैसे निजी नर्सिंग होम लूट के अड्डा होते हैं सरकारी अस्पताल के निजीकरण के बाद वहां भी लोग घर जमीन बेचने को मजबूर होंगे। अरुण सिंह सिंगर एडवोकेट ने कहा कि जिला अस्पताल सीधी के निजीकरण के विरोध में सीधी में एक बड़े आंदोलन करने की जरूरत है। उर्मिला रावत ने कहा कि सरकार सब कुछ निजी हाथों में दे रही है चाहे स्कूल हो रेल हो हवाई हो कोयला हो उसी कड़ी में अस्पताल को निजी हाथों में दे रही है। राम मणि मिश्रा ने कहा कि भारत में निजीकरण नई बात नहीं है इसकी शुरुआत बहुत पहले हो चुकी है जिसके तहत सरकारी उपक्रम निजी हाथों को सौपे जा रहे हैं। बैठक में जिला अस्पताल वचावा, जिउ वचावा संघर्ष मोर्चा का गठन किया गया तथा यह भी निर्णय किया गया कि जिले के समस्त सामुदायिक स्वस्थ केंद्र के समक्ष जिला अस्पताल वचावा, जिउ वचावा सत्याग्रह किया जायेगा।

संपादकीय

साथ मिले को बात बने

'एक देश, एक चुनाव' पर कोविंद कमिटी की सिफारिशों को मानकर केंद्र सरकार ने भले पहला कदम बढ़ा दिया हो, लेकिन असल चुनौती अब आने वाली है। राजनीतिक मतभेदों को दरकिनार करते हुए इस मसले पर विपक्ष को अपनी तरफ करना और इस योजना के व्यावहारिक पक्षों को देखना, ये दो बातें हैं, जो तय करेंगी कि सरकार अपने इस विजन को अमली जामा पहनाने में कितना सफल हो पाती है। सरकार शीत सत्र के दौरान 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से जुड़ा प्रस्ताव संसद में पेश करने की सोच रही है। लेकिन इसके लिए आवश्यक संख्याबल उसके पास नहीं है। इसका मतलब है, उसे विपक्षी खेमे के सहयोग की जरूरत पड़ेगी। इस लोकसभा चुनाव के बाद से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जिस तरह का रिश्ता रहा है, उसे देखते हुए तो यह उम्मीद व्यावहारिक नहीं लगती कि विपक्ष इस मामले में किसी तरह का सहयोग करेगा। इस मामले पर विचार के लिए बनी उच्च स्तरीय कमिटी ने 62 राजनीतिक दलों से संपर्क किया था। इनमें से 47 ने जवाब दिया। 32 दल पक्ष में थे और 15 ने विरोध किया। पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने के पीछे सबसे बड़ा तर्क है कि इससे खर्च में कटौती होगी। और यह तर्क भी जोरदार है कि अभी लगभग हर वक्त ही देश के किसी न किसी हिस्से में चुनावी माहौल चल रहा होता है, जिसके चलते विकास कार्य प्रभावित होते हैं। यह बात भी सही है कि एक साथ चुनाव उन छोटे दलों के लिए सुविधाजनक होंगे, जिनके पास बार-बार प्रचार में उतरने लायक पैसे नहीं होते। बार-बार चुनावों के खर्च से बचने का तर्क अपनी जगह ठीक है, लेकिन यही तर्क इस प्रस्ताव के खिलाफ भी काम करता है। सवाल यह है कि पूरे देश में इलेक्शन कराने के लिए जितने बड़े पैमाने पर संसाधन चाहिए, क्या उसे जुटाया जा सकेगा? हालिया लोकसभा चुनाव सात चरणों में हुए थे। राज्यों के विधानसभा चुनाव भी अलग-अलग चरणों में कराने पड़ रहे हैं। आजादी के बाद देश में पहले चार चुनाव इसी तर्ज पर हुए थे। उसके बाद भी काफी समय तक यह स्थिति बनी रही। लेकिन तब परिस्थितियां दूसरी थीं। केंद्र और राज्यों में एक ही पार्टी की सरकार थी। क्षेत्रीय दलों के ताकतवर होने से राजनीतिक विविधता आई है हमारे पॉलिटिकल सिस्टम में।

एक देश एक चुनाव- लाभ अनेक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीसरी पारी में राष्ट्रहित के संकल्पों को पूर्ण करने के लिए लगातार आगे बढ़ रहे हैं, इसी कड़ी के अंतर्गत उन्होंने बहु प्रतीक्षित एक देश-एक चुनाव का संकल्प पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण पहल कर दी है। लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर मोदी कैबिनेट ने, एक देश एक चुनाव पर उठ रहे प्रश्नों पर विराम लगा दिया है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से अपना सन्देश देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक देश एक चुनाव पर आगे बढ़ने के संकेत दिये थे और अब कैबिनेट ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समिति की अनुशंसा को मंजूरी प्रदान कर दी है।

(मृत्युंजय दीक्षित)

एक देश एक चुनाव की नीति का क्षेत्रीय दलों द्वारा विरोध किए जाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि उन्हें आशंका है कि भारत में यह प्रणाली लागू हो जाने के बाद उनका अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। भारत में कई दलों का अस्तित्व बार बार होने वाले चुनावों के कारण ही संभव है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीसरी पारी में राष्ट्रहित के संकल्पों को पूर्ण करने के लिए लगातार आगे बढ़ रहे हैं, इसी कड़ी के अंतर्गत उन्होंने बहु प्रतीक्षित एक देश-एक चुनाव का संकल्प पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण पहल कर दी है। लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर मोदी कैबिनेट ने, एक देश एक चुनाव पर उठ रहे प्रश्नों पर विराम लगा दिया है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से अपना सन्देश देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक देश एक चुनाव पर आगे बढ़ने के संकेत दिये थे और अब कैबिनेट ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समिति की अनुशंसा को मंजूरी प्रदान कर दी है।

एक देश एक चुनाव, परिकल्पना को कैबिनेट की मंजूरी प्राप्त हो जाने के बाद राजनैतिक दलों के बीच सहमति बनाने की जिम्मेदारी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, किरन रिजिजू व कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को दी गई है। एक देश एक चुनाव को लेकर गठित समिति ने इस विषय पर सभी प्रमुख राजनैतिक दलों से विचार विमर्श किया था जिनमें 32 राजनैतिक दल इसके समर्थन में और 15 विरोध में थे। अब इस बात की प्रबल संभावना बन गई है कि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में इस हेतु आवश्यक संविधान संशोधन विधेयक प्रस्तुत किये जाएंगे और ऐसा माना जा रहा है कि सरकार ने इन सभी विधेयको को पारित करवाने के लिए प्रबंध भी लगभग कर लिया है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में वर्ष 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते रहे हैं उस समय संपूर्ण भरत मे कांग्रेस व उसके समर्थित दलों की सरकारें ही राज्य विधानसभाओं में हुआ करती थीं। चुनाव आयोग ने वर्ष 1982 में फिर उसके बाद जस्टिस बी. बी. जीवन की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने एक देश एक चुनाव की सिफारिश की थी। वर्ष 2018 में जस्टिस बी एस चौहान की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने एक ड्राफ्ट रिपोर्ट में एक साथ चुनाव की बात करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 83, 85,172, 174 और 356 में संशोधन करने होंगे। वर्ष 2015 में संसद की स्थायी समिति ने भी दो चरणों में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव कराने की सिफारिश की थी।

राजनैतिक दृष्टिकोण से यह बहुत ही हैरान करने वाली बात है कि कांग्रेस पूर्वज पहले तो एक देश एक चुनाव का समर्थन कर रहे थे किंतु जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने एक कदम आगे बढ़ाया है और उसे लागू करने के लिए पूर्णता की ओर बढ़ रही है तब से कांग्रेस व उसके सहयोगी दल जिन्होंने इंडी गठबंधन बनाया है एक देश एक चुनाव की व्यवस्था का विरोध करने लगे हैं। सभी राजनैतिक दलों का मानना है कि भारत में एक देश एक चुनाव की व्यवस्था अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक तथा असंभव है। कई नेता इसे प्रधानमंत्री व भाजपा सरकार का मात्र एक शिगूफा कह रहे हैं। एक देश एक चुनाव की नीति का क्षेत्रीय दलों द्वारा विरोध किए जाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि उन्हें आशंका है कि भारत में यह प्रणाली लागू हो जाने के बाद उनका अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। भारत में कई दलों का अस्तित्व बार बार होने वाले चुनावों के कारण ही संभव है।

वर्ष 1967 के बाद कतिपय राजनैतिक कारणों से कई विधानसभाओं को भंग करना पड़ा और फिर बीच में लम्बे समय तक केंद्र व राज्यों की राजनीति में अस्थिरता का वातावरण रहा। वर्तमान समय में भारत में दो लोकसभा चुनावों के बीच पांच सालों में कहीं न कहीं विधानसभा चुनाव होते रहते हैं जिसके कारण बार-बार आचार संहिता लगती है और जनहित व विकास के कार्यक्रम प्रभावित होते हैं। भारत में नगर निगम, नगर निकाय और ग्राम पंचायतों के चुनाव भी हर वर्ष, हर माह कहीं न कहीं होते ही रहते हैं और बीच-बीच में उपचुनाव भी आते रहते हैं और विकास कार्यों को बाधित करते हैं।

बार-बार चुनाव होने के कारण राजनैतिक दलों व नेताओं का खर्च भी भी बहुत बढ़ा रहता है जिसके कारण आर्थिक भ्रष्टाचार को बल मिल मिलता है। राजनैतिक दलों के नेता व उनके सामर्थक अपने समाज व मतदाताओ को लुभाने के लिए अनाप-शनाप बयानबाजी करते हैं जिसके कारण सामाजिक वातावरण दूषित होता है। धार्मिक वैमनस्यता भी गहराती है।

बार-बार चुनाव होने के कारण आदर्श आचार संहिता लागू होती है जिसके कारण सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती और विभिन्न योजनाओं को लागू करने में समस्या आती है। यदि देश में एक ही बार में लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराये जायें तो आदर्श आचार संहिता कुछ ही समय तक लागू रहेगी। एक देश एक चुनाव की व्यवस्था लागू हो जाने के बाद चुनावों में होने वाले भारी खर्च में कमी आयेगी। इससे काले धन और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने में सहायता मिलेगी। एक साथ चुनाव कराने से सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षाबलों को बार-बार चुनावी ड्यूटी पर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। देश में एक साथ चुनाव कराये जाने से देश की जीडीपी में लगभग 1.5 प्रतिशत वृद्धि का भी अनुमान लगाया जा रहा है। आर्थिक विशेषज्ञों का मत है कि एक देश एक चुनाव से सरकारें सही मायने में कम से कम साढ़े चार वर्ष विकास कार्य करा पायेंगी। अभी लगातार अलग-अलग होने वाले चुनावों और आचार संहिता के कारण सरकारों के हाथ 12-15 महीने बंधे रहते हैं।

एक देश-एक चुनाव पर रामनाथ कोविंद समिति ने कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं जिसके अंतर्गत यह योजना देश में दो चरणों में लागू की जायेगी। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव करायें जायें और दूसरे चरण में नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव कराये जायें लेकिन इन्हें पहले चरण के 100 दिन के भीतर ही कराया जाये। लोकसभा का कार्यकाल समाप्त होते ही राज्यों की विधानसभा का चुनाव कराया जाये अगर किसी विधानसभा का चुनाव अपरिहार्य कारणों से एक साथ नहीं हो पाता है तो बाद की तिथि में होगा किंतु कार्यकाल उसी दिन समाप्त होगा। यदि किसी राज्य की विधानसभा बीच में ही भंग हो जाती है तो नया चुनाव विधानसभा के बाकी के कार्यकाल के लिए ही कराया जाये। सभी चुनावों के लिए एक समान मतदाता सूची तैयार की जाये। इसे अमल में लाने के लिए एक कार्यान्व्यन समूह का गठन किया जाये। कोविंद समिति ने 18 संविधान संशोधनों की सिफारिश भी की है जिसमें से अधिकांश में राज्य विधानसभाओं के अनुमोदन की जरूरत नहीं होगी जबकि समान मतदाता सूची और समान मतदाता पहचान पत्र से जुड़े कुछ प्रस्तावित बदलावों के लिए आधे राज्यों द्वारा अनुमोदन की जरूरत होगी। मोदी सरकार का दावा है कि समिति की परामर्श प्रक्रिया के दौरान 80 प्रतिशत युवा एक देश व एक चुनाव का समर्थन किया था।

वर्तमान में विपक्ष केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी नीतियों का विरोध करने के लिए ही एक देश-एक चुनाव को लोकतंत्र व संविधान विरोधी बता रहा है जबकि वास्तविकता यह है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 1951 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते ही रहे हैं और तब कांग्रेस का ही युग था अतः कांग्रेस को यह भी स्पष्ट करना होगा कि तब देश में क्या संविधान विरोधी सरकार चल रही थी? उचित तो यही है की सभी विरोधी दलों को एक साथ आकर उन विषयों का समर्थन करना चाहिए जो एक राष्ट्र के रूप में भारत के हित में है और जो भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ने में सहायक हैं।

स्पेस में कैसे खाते पीते हैं लोग

माइक्रोग्रैविटी, यानी शून्य के आसपास पहुंचने वाले सूक्ष्म गुरुत्व में न केवल चीजों का व्यवहार बल्कि शरीर का भीतरी कामकाज भी बदल जाता है। यान में चीजें एक जगह रुकी नहीं रहतीं। उन्हें बांधकर या चिपकाकर न रखा जाए तो जरा भी छू जाने पर हवा में तैरने लगती हैं। मेज से या कहीं से भी गिरने पर नीचे नहीं आतीं। इधर-उधर टकराने लगती हैं और जोखिम का सबक बन जाती हैं। खाने-पीने की चीजों में दो तरह के एहतियात रखे जाने जरूरी हैं। जहां तक हो सके, ये हल्की होनी चाहिए। दूसरे, बैक्टीरिया, वायरस या फंगस इनमें नहीं होने चाहिए क्योंकि छोटी सी जगह में कई लोगों के रहने पर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

(चंद्रभूषण)

आठ दिन से आठ महीने खिंच गई सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष यात्रा ने भारत में अंतरिक्ष यात्रियों के खान-पान, रहन-सहन को लेकर उत्सुकता जगा दी है। आने वाला समय लंबी अंतरिक्ष यात्राओं का ही होने वाला है। मंगल ग्रह की कोई भी यात्रा डेढ़ साल से कम की नहीं हो सकती। ऐसे में सुनीता विलियम्स के इस अनियोजित अनुभव के जरिये ही सही, हम इसका अंदाजा ले सकते हैं कि अंतरिक्ष में लोग कैसे रहते हैं, कैसे खाते-पीते हैं, किस तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से उनका पाला पड़ता है।

शून्य गुरुत्व की चुनौतियां

माइक्रोग्रैविटी, यानी शून्य के आसपास पहुंचने वाले सूक्ष्म गुरुत्व में न केवल चीजों का व्यवहार बल्कि शरीर का भीतरी कामकाज भी बदल जाता है। यान में चीजें एक जगह रुकी नहीं रहतीं। उन्हें बांधकर या चिपकाकर न रखा जाए तो जरा भी छू जाने पर हवा में तैरने लगती हैं। मेज से या कहीं से भी गिरने पर नीचे नहीं आतीं। इधर-उधर टकराने लगती हैं और जोखिम का सबक बन जाती हैं। खाने-पीने की चीजों में दो तरह के एहतियात रखे जाने जरूरी हैं। जहां तक हो सके, ये हल्की होनी चाहिए। दूसरे, बैक्टीरिया, वायरस या फंगस इनमें नहीं होने चाहिए क्योंकि छोटी सी जगह में कई लोगों के रहने पर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

शरीर का व्यवहार

खानपान से जुड़ी शारीरिक समस्याओं में लार ग्रंथियों, स्वाद ग्रंथियों, आहार नाल- खासकर आंतों और मूत्र प्रणाली का व्यवहार है, जो माइक्रोग्रैविटी में उलट-पुलट हो जाता है। इंसान का पूरा इवॉल्यूशन धरती पर रहकर हुआ है और इसकी दिशा इसी के अनुरूप ढलने की रही है। आंख के आंसू तक भीतर रहें या बाहर, उनकी स्वाभाविक गति ऊपर से नीचे जाने की होती है। इस प्रवाह में दो-चार दिन का व्यवधान शरीर बर्दाश्त कर लेता है।

खुद को बदलते हैं लोग

लेकिन महीनों किसी ऐसी जगह रहने में, जहां ऊपर या नीचे जैसा जहां कुछ है ही नहीं, शरीर का भीतरी व्यवहार बदल जाता है। जीवन की लय इस कदर बिगड़ जाने पर भी इंसान पस्त न पड़े, पूरी शारीरिक-मानसिक क्षमता के साथ अपने लिए निर्धारित शोधकार्य में जुटा रहे, इसके लिए धरती से आपूर्ति के स्तर पर काफी काम करना होता है और वहां रहने वाले लोग भी खुद को बहुत बदलते हैं।

न स्वाद, न गंध

स्पेस स्टेशन में मौजूद अंतरिक्ष यात्री अपना जो हालचाल बताते हैं उनमें वे लगातार जुकाम जैसा लगा होने की बात कहते हैं। असल जुकाम नहीं क्योंकि जुकाम का वायरस स्पेस स्टेशन में न पहुंचे, इसके लिए जान लड़ा दी जाती है। बस, जुकाम में जैसे जीभ का स्वाद गायब हो जाता है,

माइक्रोग्रैविटी का असर

किसी चीज में कोई गंध नहीं आती, आंख, मुंह, कान, नाक हर जगह भीतर से एक सूजन जैसी लगी रहती है, कुछ वैसा ही एहसास माइक्रोग्रैविटी में रहकर होता है। इस समस्या को छोड़ दें तो भूख लगना और वॉशरूम जाने की इच्छा पैदा होना बिल्कुल धरती जैसा ही है। महीनों स्पेस स्टेशन पर गुजार लेने के बावजूद इन बुनियादी बातों पर माइक्रोग्रैविटी का खास असर नहीं होता।

फीज-ड्राइड भोजन

संसार के पहले अंतरिक्ष यात्री, रूस के यूरी गागरिन ने अंतरिक्ष में 1 घंटा 48 मिनट का ही वक्त बिताया था, लेकिन वहां रहते हुए उन्होंने अल्यूमिनियम के तीन ट्यूब्स से खाना खाया था। आगे अंतरिक्ष यात्राओं का समय बढ़ा तो ट्यूब के अलावा वे फ्रीज-ड्राइड खाने के टुकड़े ले गए। किसी चीज को फ्रीज-ड्राई करने का फंडा है- उसे माइनस 40 डिग्री पर ठंडा करना, फिर वैक्यूम चैंबर में गरम करना ताकि उसका सारा पानी निकल जाए। इससे खाना बहुत हल्का हो जाता है, जीवाणु मर जाते हैं, और स्वाद या पोषण पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। बस, खाने से पहले गरम पानी से या भाप से इन्हें हाइड्रेट करना होता है। शुरू में इसके लिए गरम पानी नहीं मिल पाता था लेकिन अभी यह कोई समस्या नहीं है। रही बात पेय पदार्थों की तो वे पाउडर की शक्ल में जाते हैं और पानी मिलाकर पीने लायक बना लिए जाते हैं। पानी या कोई भी पेय पीने के लिए थोड़ा अलग तरह के, वाल्व वाले स्ट्रॉ आजमाने होते हैं।

स्पेस फूड की प्रयोगशालाएं

इंसानी अंतरिक्ष यात्रा की महत्वाकांक्षा वाले हर मुल्क में उस तरफ के खान-पान से जुड़ी प्रयोगशालाएं बनी हुई हैं, जहां इस पर काम चलता रहता है कि कैसे कोई नया स्वादिष्ट और पोषक भोजन या पेय अंतरिक्षयात्रियों के मेन्यू में जोड़ दिया जाए। भारत में भी गगनयान से जुड़ी तैयारियों का यह एक जरूरी पहलू है।

लोअर बॉडी की एक्सरसाइज

कुछ बातें अंतरिक्ष में व्यायाम और उत्सर्जन से जुड़ी तकनीकों पर भी होनी चाहिए। हड्डियां कमजोर हो जाने, यहां तक कि स्पेस स्टेशन पर अपने जरूरी कामों में भी अक्षम हो जाने का खतरा वहां बराबर बना रहता है। लिहाजा अपर और खासकर लोअर बॉडी की एक्सरसाइज का एक नियमित कार्यक्रम हर अंतरिक्ष यात्री को अपने दैनिक अनुशासन में शामिल करना होता है। उत्सर्जन की तकनीकें धीरे-धीरे करके परफेक्शन तक पहुंची हैं लेकिन स्टेशन में गंदगी फैल जाने की छोटी-मोटी दुर्घटनाएं अब भी कभी-कभार हो जाती हैं।

वर्ग पहेली 5501

1	2	■	3	4	5		6
7		■	8			■	
■	9	10		■	11	12	
13			■	■	■		■
■	14		15	■	16		17
18	■	19		20	■	21	
	■	22			■	23	
24		■		■	25	■	■

संकेत: बाएं से दाएं

1. एक गणराज्य जिसे यूनान भी कहते है जिसकी राजधानी एथेंस है (2)
3. यह भारत की प्रमुख नदी ह जिसका उद्गम राजस्थान के उदयपुर जिले में अरावली पर्वतमालाओं से होता है (5)
7. बायां, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (2)
8. किसी का नष्ट-अनिष्ट करने की चेतावनी भरे शब्द (3)
9. देश-प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाए रखने के नियम (3)
11. तड़का, छौंका (3)
13. फला हुआ, फलीभूत (3)
14. धतूरा, स्वर्ण (3)
16. ऊपर से नीचे पहुंचाना, घुसाना (3)
19. न्योछावर करना, उत्सर्ग करना (3)
21. गहरा दुख, शोक (2)
22. चिरस्थाई, जो सदा टिक कर रहे (3)
23. घ्राणेन्द्रिय, नासिका (2)
24. निशाना, अनुमान योग्य वस्तु (2)
25. एक स्वीकृति सूचक अव्यय या शब्द (1)

(ऊपर से नीचे

1. गरदन, गला (2)
2. एक हीसमय होने वाला (5)
3. कार्यपूर्ति का माध्यम, जरिया, उपाय (3)
4. एक तरह का विस्फोटक रासयानिक गोला (2)
5. एक स्त्री से प्रेम करने वाले दो व्यक्ति यह कहलाते है (ऊं)(3)
6. मुर्गे की जाति का प्रसिद्ध पक्षी (3)
10. नई बातों को अपनाने का सिद्धांत (5)
12. उपयुक्त अवसर मिलना (5)
15. कार्य में लगाना (4)
17. नामधारण करने वाला, नाम वाला, नाम का (3)
18. यह सर्वाधिक आक्सीसन देने वाला वृक्ष है (3)
20. नामवाला, नामवर, प्रसिद्ध (2)

वर्ग पहेली 5500 का हल

बं	कि	म	च	न्द्र		नौ	रू
दी	न		क्षु		र	क	म
ज	का	र्ता		हं	ग	री	
न			द	स		दे	श
	त	ला	श		प	ना	ह
सु		म	म	ता			र
वि	र	का	ल		मृ	ग	या
त्रा		न	व	ल		ज	र

किसी नेता-नेतृत्व के बिना भी होने लगे कामयाब आंदोलन

(संजय चक्रवर्ती, प्रोफेसर, टेम्पल यूनिवर्सिटी)

बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल में अशांत अगस्त के बाद एक अनिश्चित सितंबर भी बीत रहा है। दुनिया ने देखा, बांग्लादेश में जून में शुरू हुआ एक छोटा छात्र आंदोलन जन विद्रोह में बदल गया, जिसने उस देश के प्रधानमंत्री को इस्तीफा देने और दिल्ली भागने के लिए मजबूर कर दिया। इधर, पश्चिम बंगाल में आरजी कर अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ क्रूर बलात्कार व हत्या ने कोलकाता और अन्य जगहों पर हजारों लोगों को सड़कों पर उतार दिया। लोगों ने रोज जुलूस निकाला और रात्रि जागरण किया। इसमें सभी वर्ग के लोग शामिल हुए, पर ये लोग किसी भी राजनीतिक दल से नहीं जुड़े थे। वैसे, कोलकाता की कहानी का भविष्य पूर्वनिर्धारित लगता है -इसमें समायोजन और संशोधन होंगे, पर कोई बुनियादी बदलाव नहीं आएगा।

वास्तव में, ये घटनाएं नेतृत्वहीन जन आंदोलनों के युग की नवीनतम उदाहरण हैं। अतीत में हमने अनेक ऐसी लामबंदियों को देखा है, जहां राजनीतिक दलों या संगठनों या नेताओं ने नेतृत्व किया है। महात्मा गांधी के नेतृत्व में नमक सत्याग्रह और लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में संपूर्ण क्रांति को ऐसे राजनीतिक आंदोलन के रूप में याद किया जा सकता है।

हालांकि, ऐसे आंदोलन बढ़ रहे हैं, जो स्वत-स्फूर्त होते हैं। किसी एक घटना से ऐसे आंदोलनों की शुरुआत होती है, जिनमें कोई एक नेता या नेतृत्व नहीं होता है। वास्तव में, यह एक संचित क्रोध होता है, जो ऐसे आंदोलनों में फूटता है, जिसे किसी एक तय नेतृत्व की जरूरत नहीं होती है। ऐसे आंदोलन किसी संगठन, राजनीतिक दल के बूते नहीं होते हैं, बल्कि सोशल मीडिया के माध्यम से होते हैं। ऐसे आंदोलनों में आम तौर कोई भी आंदोलनकारी यह बताने में सक्षम होता है कि उसका मकसद क्या है?

विरोध के इस नए स्वरूप की कुंजी दरअसल नई संचार तकनीक है। मोबाइल फोन ही बिखरे हुए जनसमूह को संगठित करने का सही साधन बन गया है। मोबाइल या सोशल मीडिया के जरिये लोगों को कम समय में कहीं भी जुटाया जा सकता है। यहां अचानक से उमड़ने वाली भीड़ को 'फ्लैश मॉब' कहा जाता है। अचानक उमड़ी भीड़ रेलवे स्टेशन पर नृत्य करने लगती है या पुलिस स्टेशन पर आगजनी करती है या कहीं सड़कों पर उमड़ आती है। अब लोगों के बीच संचार क्षमता इतनी शक्तिशाली है कि इसे यूरोप में धर्म, भाषा और राष्ट्र का पुनर्निर्माण करने वाले माध्यमों में प्रिंटिंग प्रेस के बाद दूसरा सबसे क्रांतिकारी माध्यम माना जाने लगा है।

दुनिया में नेतृत्वहीन जन आंदोलनों के कई उदाहरण हैं -साल 2011 का 'अरब प्रिंरग' आंदोलन ऐसा ही था। जो ट्यूनीशिया में शुरू हुआ और मिस्र, लीबिया, सीरिया, यमन व अन्य देशों में भी फैल गया, जिसके चलते अनेक शासकों को हटना पड़ा। ऐसे आंदोलन, बोलीविया, हांगकांग और म्यांमार में भी हुए हैं। कुछ जगहों पर लोकतंत्र समर्थक आंदोलनों को कुचला गया है, पर कई जगह कामयाबी मिली है।

सवाल यह है कि नेतृत्वहीन आंदोलनों से हम क्या सबक ले सकते हैं? कुछ आंदोलन कामयाब क्यों होते हैं और कुछ नाकाम क्यों हो जाते हैं? भारत में ऐसे आंदोलनों की क्या संभावना है?

अनेक देशों में ऐसे आंदोलनों के साथ सेना या पुलिस भी खड़ी हो जाती है। भारत में ऐसी स्थिति की कल्पना असंभव है, जिसमें सेना किसी प्रधानमंत्री को इस्तीफा देने के लिए मजबूर कर दे। यहां लोगों द्वारा किए जाने वाले छोटे आंदोलन तो हो सकते हैं, पर राष्ट्रीय स्तर पर बिना नेतृत्व के जन आंदोलन खड़ा करना नामुमकिन है।

आज का राशिफल

मेष

आज लाभ होगा और अचानक से आपको रुका धन मिलने से खुशी होगी। आपका धार्मिक कार्य में विश्वास बढ़ेगा और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होने से आपको खुशी होगी। कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ नया करने के बारे में सोच सकते हैं। आपके धन सम्मान में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न रहेगा।

वृषभ

आज दिन काफी मेहनत से भरा होगा। आप यदि व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी नौकर हैं तो वरिष्ठ अधिकारी का कोप भाजन बनना पड़ सकता है। शाम के वक्त आपको सामाजिक संबंधों के मामले में लाभ होगा और नई योजना की तरफ ध्यान देंगे तो सफलता मिलेगी।

मिथुन

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके लिए छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। आप अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए पुरजोर कोशिश करेंगे। रात का समय दोस्तों और परिवार के लोगों के साथ खुशी में बीतेगा और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

कर्क

आज मन खुश रहेगा और आप अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपना काम करते रहेंगे और खूब मुनाफा कमाएंगे। आगे चलकर सफलता आपके कदम चूमेगी। आप अपने सामाजिक क्षेत्र में मेल-जोल बढ़ाने में कामयाब होंगे।

सिंह

आज हर काम बेहद सावधानी से करने की सलाह है। अनावश्यक चिंताओं से आपका मन काफी परेशान रहेगा। नई उपलब्धियां कड़ी मेहनत से मिलेंगी। सामाजिक उत्तरदायित्व भी बढ़ेगा। किसी अनजान व्यक्ति से आज लेनदेन न करें। आपको नौकरी के बारे में कोई फैसला लेने से पहले अनुभवी लोगों से बात कर लेनी चाहिए।

कन्या

आज सफलता से लाभ होगा और आपका मन खुश रहेगा। स्वजनों से सुख मिलेगा और पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। वरना किसी से विवाद बढ़ सकता है। ऑफिस में लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित होंगे और आपकी प्लानिंग को पसंद करेंगे।

तुला

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके पद व अधिकार में वृद्धि होगी। आपके मन में नई ऊर्जा का संचार होगा। समस्याओं के समायोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशांर्ता रहेगी और आपका किसी काम में मन नहीं लगेगा। आपकी दूर और पास की यात्रा की कोई प्लानिंग बन सकती है।

वृश्चिक

आज दिन सामान्य रहेगा। आज दिन कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में व्यतीत होगा। अधिकारीवर्ग के लोगों से आपकी साठ-गांठ बनेगी। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ की पृष्ठभूमि भी आज ही बनेगी। निराशाजनक विचारों से बचें। सायंकाल संतान पक्ष से अचानक शुभ समाचार मिल सकता है।

धनु

आज दिन मिश्रित फलकारक है। बड़े अधिकारी से अनबन हो सकती है और आपको इस कारण से तनाव हो सकता है। क्रोध पर नियंत्रण बनाए रखें। नये संबंध से भाग्य चमकेगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा। मित्रों के साथ लम्बी यात्रा पर जाना हो सकता है। दाम्पत्य में सरसता बनी रहेगी। आपके कारोबार में योजनाएं सफल होंगी।

मकर

आज दिन उतार-चढ़ाव से भरा होगा। कार्यक्षेत्र में अपने से वरिष्ठ अधिकारियों से प्रतिकूलता हो सकती है। दाम्पत्य जीवन में अनबन बनी रहेगी। पराक्रम में वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा। लोग आपको देखकर जलन महसूस करेंगे और दिन के उत्तरार्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ेगा।

कुंभ

आज दिन लाभ से भरा होगा और ग्रह गोचर के शुभ प्रभाव में वृद्धि से आपको सफलता मिलेगी। उत्तरार्ध की वृद्धि अस्थिरता को जन्म देगी और किसी काम में आपका मन न लगने से आपको परेशानी होगी। वाहन, भूमि खरीदने, स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है। सांसारिक सुख भोग व घर गृहस्थी के उपयोग की प्रिय वस्तु खरीदी जा सकती है।

मीन

आज दोस्तों का साथ मिलने से आपका जरूरी रुका कार्य पूर्ण होगा। आज का दिन संतान से जुड़ी समस्याओं को हल करने में व्यतीत होगा। किसी कम्पटिशन में आपकी जीत हो सकती है। किसी खास उपलब्धि से भी आपका मन प्रसन्न रहेगा, किन्तु मौसम परिवर्तन से आपकी सेहत बिगड़ सकती है, ध्यान रखें और अपने कार्य ईमानदारी से करें।

संक्षिप्त समाचार

गुंडागर्दी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी: अनिल विज

अंबाला, एजेंसी। हरियाणा के पूर्व गृमंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में कांग्रेस ने अपनी हार मान ली है और जो कांग्रेस कैरेक्टर है उसी के मुताबिक यह भेष बदलकर गुंडागर्दी करने आ गए हैं। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन और प्यार उनके प्रति लगातार बढ़ता जा रहा है क्योंकि जनता बातें करने वालों को नहीं चाहती बल्कि जनता अपने विश्वास के प्रति काम करने वाले लोगों को चाहती है। विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार का अंबाला छावनी का चुनाव बातें करने वालों और काम करने वालों का चुनाव है और हमने काम करके दिखाया है। अंबाला के गांव गरनाला में किसानों का विरोध देखने को मिला के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह किसानों का विरोध नहीं है यह तो अंबाला छावनी में कांग्रेस ने अपनी हार मान ली है और जो इनका कैरेक्टर है उसी के मुताबिक यह भेष बदलकर गुंडागर्दी करने आ गए हैं।

उन्होंने कहा कि पहले भी बहुत गुंडागर्दी हुई है और लोगों की दुकानों, मकान पर कब्जे हुए हैं तथा कत्ल भी हुए हैं आप सभी को पता है। उन्होंने कहा कि अपनी हार को देखकर इस प्रकार से यह गुंडागर्दी कर रहे हैं जो किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमारे देश में प्रजातंत्र है और प्रजातंत्र में हर व्यक्ति को अपनी बात शांतिपूर्ण कहने का हक है।

उन्होंने कहा कि वहां पर गांव का सरपंच भी खड़ा था जिसे मैं जानता हूं वह खुद काले झंडे लेकर खड़ा हुआ था, जिसको हमने हराया हुआ है। इस बारे में मैंने चुनाव आयोग, डीजीपी हरियाणा, एसपी अंबाला, डीसी अंबाला को और रिटर्निंग अधिकारी जो अंबाला के एसडीएम है उनको संदेश मैसेज भेज दिया है।

असम में विशालकाय गैंडों के लिए आफत बने आक्रामक पौधे

गुवाहाटी, एजेंसी। असम में एक सींग वाले गैंडों का शिकार कम हो रहा है, लेकिन ये सौम्य विशालकाय गैंडे अब विदेशी प्रजाति के आक्रामक पौधों के खिलाफ अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं. ये पौधे हाल के दिनों में असम में अधिकांश गैंडों के आवास वाले क्षेत्रों में बड़ी चिंता का विषय बन गए हैं. आक्रामक पौधे तेजी से बढ़ते हैं और फैलते हैं. ये आस-पास के पौधों की वृद्धि को रोकते हैं और कई तरह की पारिस्थितिक समस्याएं पैदा करते हैं.

असम सरकार के आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों से गैंडों के अवैध शिकार में कमी आई है. वर्ष 2013 और 2014 में गैंडों का सबसे अधिक अवैध शिकार दर्ज किया गया था, जिसमें प्रत्येक वर्ष 27 गैंडों के अवैध शिकार की रिपोर्ट थी. वर्ष 2022 में 45 वर्षों के बाद असम में एक भी गैंडे का अवैध शिकार नहीं किया गया. 2020 और 2021 में दो-दो गैंडे अवैध शिकार में मारे गए थे.

संरक्षणवादी और इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर के एशियन राइनो स्पेशलिस्ट ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. बिभाब तालुकदार ने कहा, आक्रामक पौधे गैंडों के भोजन के स्रोतों को नष्ट कर देते हैं, जिनकी उन्हें चरने और खाने के लिए जरूरत होती है. असम में गैंडों के ज्यादातर आवासों में आक्रामक पौधों की वृद्धि बड़ी चिंता का विषय है.

उन्होंने कहा कि असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, मानस राष्ट्रीय उद्यान, ओरंग राष्ट्रीय उद्यान और पबितोरा वन्यजीव अभयारण्य सहित सभी प्रमुख गैंडों के आवासों में मिमोसा, क्रोमोलेना ओडोरेटा, मिकानिया माइक्रांथा और पार्थेनियम जैसे विदेशी पौधों की वृद्धि अलग-अलग स्तरों पर देखी गई है.

सुक्खू सरकार कर्ज लेकर सोनिया गांधी को दे देती है

शिमला, एजेंसी। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। कंगना ने रविवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार कर्ज लेकर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को दे देती है, जिससे राज्य का खजाना खोखला हो गया है। शिमला के एक गांव में भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए अभिनेत्री से नेता बनीं रनौत ने कहा कि हर कोई जानता है कि भ्रष्टाचार व्याप्त है और कांग्रेस शासित राज्य सरकारों ने अपने-अपने राज्यों को खोखला कर दिया है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि पार्टी चुनावों पर इतना खर्च कैसे करती है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कंगना ने कहा, वे कर्ज लेते हैं और सोनिया गांधी को देते हैं, जिससे राज्य खोखला हो गया है। रनौत ने कहा कि आपदाओं और कांग्रेस सरकार ने राज्य को दशकों पीछे धकेल दिया है और मैं लोगों से मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील करती हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर हम आपदा निधि देते हैं, तो इसे सीएम राहत कोष में जाना चाहिए, लेकिन हर कोई जानता है कि यह सोनिया राहत कोष में जाता है।

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में उनके खिलाफ चुनाव लड़ने वाले लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर कटाक्ष करते हुए कंगना ने कहा, राजा के बेटे की हरकतें सभी को पता हैं और लोग सड़कों पर गड्ढों से तंग आ चुके हैं।

राहुल गांधी का बयान सही पर सिखों ने कांग्रेस के शासन में बहुत भुगता: जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह

नईदिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अमेरिका में सिख समुदाय को लेकर दिए बयानों पर चर्चाएं जारी हैं। इसी बीच तख्त दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने उनके बयानों को सही करार दिया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा है कि कांग्रेस के शासन में सिख समुदाय की हालत ठीक नहीं थी। भारतीय जनता पार्टी ने अमेरिका में दिए राहुल के बयान की आलोचना की थी।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, तख्त दमदमा साहिब जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा, ऐतिहासिक रूप से सिखों को कांग्रेस के शासन काल में उत्पीड़न और नरसंहार का सामना करना पड़ा था, लेकिन राहुल ने सिखों को लेकर जो कहा है वह सही है। अखबार से बातचीत में उन्होंने बताया, समुदाय के लिए हालत एक जैसे ही हैं। हर नए कठोर कानून का इस्तेमाल सबसे पहले सिखों के खिलाफ ही किया जाता है। उन्होंने सिख समुदाय के खिलाफ हेट प्रोपेगैंडा चलाए जाने की भी बात कही है। उन्होंने कहा, समुदाय के खिलाफ नफरत भरा प्रोपेगैंडा जारी है और यहां तक कि अब इसमें इजाफा हो गया है।

खास बात है कि जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह की तरफ से बयान ऐसे समय पर आया है, जब हाल ही में सिख समुदाय के प्रतिनिमंडल ने गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात की थी। प्रतिनिधिमंडल का दावा है कि राहुल के बयान से सिख समुदाय



की नकारात्मक छवि गई है।

एजेंसी वार्ता के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति, तख्त पटना साहिब समिति, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक समिति, तख्त श्री हजूर साहिब प्रबंधक समिति सहित कोलकाता, इंदौर, लखनऊ, हैदराबाद और झारखंड समेत विभिन्न स्थानों की गुरुद्वारा समितियों के अधिकारी शामिल थे।

इस अवसर पर हरियाणा समिति के प्रमुख भूपिंदर सिंह असंध, पटना से उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, सदस्य मोहिंदरपाल सिंह ढिल्लों, डॉक्टर गुरमीत सिंह, हरपाल सिंह जोहल, हजूर साहिब बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. विजय सतबीर सिंह, झारखंड से शालजिंदर सिंह और अन्य सिख नेता भी उपस्थित थे।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व दिल्ली समिति के प्रमुख सरदार हरमीत सिंह कालका, महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों और पूर्व प्रमुख तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने किया।

बयान वापस लेने की मांग

शनिवार को ही भाजपा ने राहुल से बयान वापस लेने की मांग की है। सिरसा ने कहा कि सिख संगठनों ने गांधी से बयान वापस लेने का आग्रह किया है क्योंकि यह उन्हें नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसी राष्ट्र विरोधी ताकतों ने गांधी की टिप्पणी का फायदा उठाया है। उन्होंने कांग्रेस की आलोचना करते हुए इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 के सिख विरोधी दंगों से पहले 80 के दशक की शुरुआत में सिखों को निशाना बनाए जाने की घटना को याद किया। सिरसा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब वैसा ही माहौल बनाने की कोशिश कर रही है।

त्रिपुरा में कांग्रेस विधायक को एमएलए हॉस्टल खाली करने का नोटिस

● पार्टी बोली- राजनीति हो रही है

अगरतला , एजेंसी। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य सुदीप राय बर्मन को त्रिपुरा विधानसभा द्वारा डेवलपमेंट से जुड़े कामों का हवाला देते हुए एख महीने के भीतर आवंटित हॉस्टल खाली करने का नोटिस दे दिया गया है। इस मुद्दे पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार साहा ने कहा कि यह पूरा मामला राजनीति से प्रेरित है और विधायक को नीचा दिखाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि हमारे विधायक सुदीप रॉय बर्मन को हॉस्टल खाली करने का नोटिस इसलिए दिया गया क्योंकि उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा सत्र के दौरान आदिवासी कल्याण मंत्री देबबर्मा पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाया था। साहा ने कहा कि केवल सच बोलने से उन्हें रोकने के लिए उनको यह नोटिस दिया जा रहा है।

त्रिपुरा विधानसभा कि तरफ से 20 सितंबर को सुदीप रॉय बर्मन को नोटिस देते हुए कहा गया था कि उन्हें अगले महीने तक अगरतला के बुद्धमंदिर में उनको आवंटित किया गया क्वार्टर खाली करना होगा, क्योंकि वहां पर डेवलपमेंट का काम होना है। सुदीप रॉय बर्मन को मिले नोटिस के अनुसार, उन्हें यह हॉस्टल तत्काल खाली करना होगा और उसे खाली करने के बाद उसकी चाबियां विधायक छात्रावास के अधीक्षक को सौंपनी होंगी। इसके अलावा उन्हें अगर नए छात्रावास में जगह चाहिए तो उन्हें उसके लिए भी जल्द से जल्द एक एप्लीकेशन लिखकर देनी होगी।

दरअसल, इस महीने की शुरुआत में ही कांग्रेस विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने मंत्री देबबर्मा पर आरोप लगाया था कि पिछले एक साल के अंदर ही उन्होंने और उनके परिवार ने कई संपत्तियां अर्जित की है, जिनमें नई दिल्ली में एक अपार्टमेंट, दो घर, दो पेट्रोल पंप सहित अन्य कई सारी संपत्तियां अर्जित की हैं।

तिरुपति लड्डू विवाद के बीच चंद्रबाबू नायडू का ऐलान- सभी मंदिरों की जल्द कराई जाएगी सफाई

अमरावती, एजेंसी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने तिरुपति लड्डू विवाद पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी मंदिरों में जल्द ही सफाई प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, नायडू ने तेलुगु देशम पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। साथ ही, उन्होंने धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने कहा कि तिरुपति लड्डुओं में पशु चर्बी की मिलावट के आरोपों के बाद सरकार भावी कदम के बारे में संतों, पुजारियों और हिंदू धर्म के अन्य शीर्ष विशेषज्ञों से परामर्श करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परामर्श के बाद सरकार तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के संबंध में अपना

निर्णय लेगी, जो तिरुपति स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का आधिकारिक संरक्षक है। दरअसल, हाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल की बैठक के दौरान सीएम नायडू ने बड़ा दावा किया था। उन्होंने कहा कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और अपने अनोखे स्वाद के लिए चर्चित लोकप्रिय तिरुपति लड्डुओं को बनाने में घटिया सामग्री व पशु चर्बी का इस्तेमाल किया।

नायडू बोले- क्या बकवास कर रहे हैं

चंद्रबाबू नायडू ने कहा, वह (जगन मोहन रेड्डी) क्या बकवास कर रहे हैं। हमारी सरकार को अभी 100 दिन भी नहीं हुए हैं। आप नीतियां बताएं, मेरी नीतियों की आलोचना करें और मैं जवाब दूंगा कि आपने क्या किया है, मैंने क्या किया है। लेकिन, आप ध्यान भटकाना चाहते थे, अगर आप ऐसा करेंगे तो और भी ज्यादा भावनाएं आहत होंगी। मैं तीन दृष्टिकोण अपना रहा हूं। पहला- परंपराओं के अनुसार शुद्धिकरण। मैं आईजीपी स्तर पर जांच का आदेश दे रहा हूं।

320 रुपये प्रति किलो से भी कम में घी कैसे खरीदा

तिरुपति लड्डू की अद्वितीय महिमा पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कई लोगों ने बेहतर प्रसाद बनाने की चेष्टा की, लेकिन वे उसमें विफल रहे। नायडू ने कहा, 'अयोध्या में भी उन्होंने बिलकुल तिरुमाला जैसा लड्डू बनाने की कोशिश की और उसके लिए कारीगरों को भी यहां से ले जाया गया मगर वह नहीं हो पाया।

चीनी आक्रमकता से निपटने की तैयारी, रक्षा मंत्री ने सेना में बड़े बदलावों को दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए सरकार ने भारतीय सेना को लेकर अहम बदलावों को मंजूरी दे दी है। सरकार ने चीन सीमा पर तैनात सेना कमांडरों को वित्तीय मामलों में ज्यादा शक्तियां देने का फैसला किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के नए सालाना बजट को मंजूरी दी है जिससे कमांडर क्षेत्र में तैनात सैनिकों के लिए ज़रूरी उपकरण जल्द से जल्द खरीद सकेंगे।



उत्तराखंड में चीन के साथ सीमा की निगरानी करने वाली सेंट्रल कमांड में बीते कुछ सालों में पीएलए की गतिविधि बढ़ी है। इस कमांड के बजट में चार गुना इजाफा किया गया है। सेंट्रल कमांड अब ज़रूरी चीजों पर ?200 करोड़ तक का उपयोग कर सकते हैं। वहीं सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की सीमाओं की देखभाल करने वाली पूर्वी कमान की स्पेशल फाइनेंस पावर को दोगुना करके ?400 करोड़ कर दिया गया है।

केंद्र सरकार ने वन्यजीव आवास एकीकृत विकास योजना के लिए मंजूर किए 2,603 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी। वन्य जीवों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध दिखाते हुए केंद्रीय कैबिनेट की ओर से वन्यजीव आवास एकीकृत विकास योजना के लिए 2,602.98 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं. इस फायदा देश के 55 बाघ अभयारण्य, 33 हाथी अभयारण्य, 718 संरक्षित इलाकों को मिलेगा. इस योजना के कारण इको-टूरिज्म और इससे जुड़ी गतिविधियों से 50 लाख से ज्यादा रोजगार दिवसों के आजीविका के अवसर पैदा होंगे. इसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर शामिल हैं.

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान के मुताबिक, इस स्कीम में बाघ, हाथी और वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास के विकास से जुड़े प्रोजेक्ट्स शामिल है। यह सरकार की 100-दिवसीय कार्य योजना में शामिल योजनाओं में से एक थी. प्रोजेक्ट टाइगर,

दैनिक प्रबंधन प्रक्रियाओं में एम-स्ट्रिप्स (बाघों, गहन संरक्षण और पारिस्थितिक स्थिति के लिए निगरानी प्रणाली) मोबाइल एप्लीकेशन जैसी टेक्नोलॉजी का उपयोग करता है. यह ऐप 'डिजिटल इंडिया' पहल के अनुरूप है और इसका उपयोग 2022 में पूरे भारत के बाघ अनुमान के पांचवें चक्र के दौरान क्षेत्र स्तर पर पारिस्थितिक डेटा के संग्रह के लिए बड़े पैमाने पर किया गया. प्रोजेक्ट टाइगर का एक घटक प्रोजेक्ट चीता भी है, जिसे वन्यजीव आवास एकीकृत विकास योजना के तहत जारी रखा गया है.

प्रोजेक्ट शेर को भी वन्यजीव आवास एकीकृत विकास योजना के तहत रखा गया है, जिससे अमृत काल का विजनः शेर 2047 दस्तावेज के तहत निर्धारित की गई गतिविधियों को पूरा किया जा सके. प्रोजेक्ट हाथी के तहत मानव-हाथी के संघर्ष को रोकने के लिए सूचना और संचार टेक्नोलॉजी का फायदा उठाने को प्राथमिकता दी जाएगी. शुरुआत में इसे प्रायोगिक आधार पर लागू किया जाएगा. फिर इसे बड़े स्तर पर लागू किया जाएगा.

गुजरात में आप विधायक समेत 20 पर केस दर्ज, पहले भी जा चुके जेल, धमकी-मारपीट का आरोप

अहमदाबाद, एजेंसी। आम आदमी पार्टी के विधायक समेत 20 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। घटना गुजरात के नर्मदा जिले की है। केस दर्ज करने की वजह इन रेस्टोरेंट के मालिक के साथ मार-पीट करना है। इस कारण पुलिस ने विधायक चैतर वसावा समेत 6 पहचाने गए और करीब 15 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

हालांकि अब तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आपको बता दें कि विधायक को पिछले साल दिसंबर में वन अधिकारी को धमकाने, हवा में फायरिंग करने और पैसे ऐंठने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इन मामलों में सत्र न्यायालय ने जमानत दी थी, लेकिन इससे पहले उन्होंने जेल में करीब छह सप्ताह का समय बिताया था।

चैतर वसावा ने साल 2020 के गुजरात चुनाव में डेडियापाड़ा सीट से चुनाव जीता था। चैतर ने साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भी हाथ आजमाया था। इन्होंने कांग्रेस के साथ सीट बटबारे के

तहत चुनाव लड़ा था, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी थी। चैतर ने भरूच लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। इस बार विधायक और इनके साथ के अन्य लोगों ने रेस्टोरेंट मालिक शांतिलाल वसावा के साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी। विधायक और उनके साथियों ने रेस्टोरेंट मालिक के ऊपर 16 सितंबर को तब हमला किया जब उनसे बिल चुकाने को कहा गया था। इस पर फोन से बातचीत हुई तो विधायक ने उसे घर पर इंतजार करने को कहा।

इसके बाद विधायक अपने साथ करीब 20 लोगों को लेकर रेस्टोरेंट मालिक के घर पहुंचे। घर पहुंचकर उन लोगों ने मार-पीट और गाली-गलौज शुरू कर दी। मारपीट के बाद उन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

इसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। हालांकि अब तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। इन मामलों में दर्ज किया गया है केस। जानबूझकर अपमान करना, जानबूझकर चोट पहुंचाना, गैरकानूनी तरीके से एकट्ठा होना, दंगा, आपराधिक धमकी और आपराधिक साजिश जैसे मामले शामिल हैं।

58 हजार करोड़ के मेगाप्लान से आसान होगी मुंबई की राह, बिछेगा रिंग रोड्स का जाल

मुंबई, एजेंसी। मुंबई में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए मेगा प्लान तैयार किया गया गया है। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) शहर में रिंग रोड्स का जाल बिछाने जा रही है। इसके बाद मुंबई के अंदर सफर बेहद आसान हो जाएगा। योजना के पूरी तरह से लागू हो जाने के बाद मुंबई में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचने में अधिकतम एक घंटे का समय लगेगा। इस प्रोजेक्ट को 'मिनटों में मुंबई' नाम दिया गया है। इसके लिए एमएमआरडीए ने 58 हजार करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी है। इसके बाद अगले पांच साल में मुंबई की सूरत पूरी तरह से बदली हुई नजर आएगी।

इस योजना के तहत मुंबई में 90 किलोमीटर से अधिक की दूरी में सड़कें, पुलें और टनल बनेंगी। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक इन सबके जरिए शहर को हर तरफ से जोड़ा जाएगा। इससे मुंबई के उपनगरीय इलाकों का सफर तो आसान होगा ही, साथ ही साथ उत्तर में गुजरात बॉर्डर, दक्षिण में कोंकण और पश्चिमी महाराष्ट्र तक की दूरी भी आसानी से तय होगी।

देश की आर्थिक राजधानी कहलाने वाला मुंबई शहर ट्रैफिक के दबाव से गुजर रहा है। हाल के वर्षों में यहां पर बुनियादी विकास कार्यों पर जोर दिया जा रहा है। एमएमआरडीए अब अपनी मेगा योजना को लेकर

सामने आया है। इसके तहत सड़कों, पुलों और सुरंगों के नए नेटवर्क के जरिए ट्रैफिक मैनेजमेंट किया जाएगा। इससे लोग तेजी से अपनी मंजिल तक पहुंच पाएंगे।

इस मेगा प्लान के केंद्र में सात इन और आउटर रिंग रोड्स हैं। इनमें से कुछ शुरू होने वाले हैं और कुछ पर काम चल रहा है। एमएमआरडीए द्वारा तैयार किए जा रहे इस रिंग रोड नेटवर्क में बीएमसी, एमएसआरडीसी और एनएचएआई भी सहयोग दे रहे हैं। एमएआरडीए के कमिश्नर डॉक्टर संजय मुखर्जी के मुताबिक जब हम मुंबई इन मिनट्स की बात करते हैं शहर के एक छोर से दूसरे छोर पर पहुंचने में 59 मिनट से ज्यादा का वक्त नहीं लगना चाहिए।

केंद्रित डिज़ाइन गेमिंग को कैसे सहज अनुभव बना रहे हैं उपयोगकर्ता

नईदिल्ली, एजेंसी। गेमिंग में केंद्रित डिज़ाइन का उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को एक सहज और मनोरंजक अनुभव प्रदान करना है, जो खिलाड़ी की ज़रूरतों और पसंदों के अनुसार खेल को अनुकूलित करता है। जैसे कि आप भौतिक दुनिया में पोकर खेलते हैं तो बस पोकर नियम जानने और खेल में भाग लेने की ज़रूरत होती है। लेकिन ऑनलाइन गेमिंग के मामले में, ध्यान आकर्षित करने और खिलाड़ियों को बांधे रखने के लिए कुछ अतिरिक्त देने की आवश्यकता होती है। उदाहरण के तौर पर, जैसा ऑनलाइन पोकर प्लेटफ़ॉर्म न केवल खेल के नियमों पर ध्यान देता है, बल्कि मुफ़्त टूर्नामेंट, बड़े इवेंट, सुरक्षा और पारदर्शिता जैसी सुविधाएँ भी प्रदान करता है, जो खेल के अनुभव को और मज़बूत बनाती हैं।

शतरंज ओलंपियाड:

दिव्या देशमुख और वन्तिका अग्रवाल ने रचा इतिहास

भारतीय महिला शतरंज टीम को दिलाया गौरव

बुडापेस्ट, हंगरी, एजेंसी। भारतीय शतरंज की दुनिया में दिव्या देशमुख और वन्तिका अग्रवाल ने 45वें फीडे विश्व शतरंज ओलंपियाड में अपने बेहतरीन प्रदर्शन से भारत को महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जिताया और अपने नाम व्यक्तिगत स्वर्ण पदक दर्ज किए। उनके असाधारण खेल ने न केवल भारत को गौरव प्रदान किया बल्कि शतरंज की दुनिया में भी उनकी अलग पहचान बनाई है।

दिव्या देशमुख- तीसरे बोर्ड पर अद्भुत प्रदर्शन

दिव्या देशमुख ने तीसरे बोर्ड पर 11 राउंड में 9.5 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनका खेल पूरे टूर्नामेंट के दौरान बेहतरीन रहा, जहां उन्होंने अपनी सूझबूझ और शतरंज के गहरे ज्ञान का प्रदर्शन किया।

फाइनल राउंड में, उन्होंने अजरबैजान की गोवहार बी को मात देते हुए भारत को निर्णायक बढ़त दिलाई। दिव्या का यह प्रदर्शन उन्हें भारतीय महिला शतरंज की नई स्टार के रूप में उभार रहा है।

दिव्या अब लाइव महिला विश्व रैंकिंग में 2500 अंकों के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जो उनके करियर का अब तक का सबसे बड़ा माइलस्टोन है। वह अब हम्पी कोनेरू के बाद भारत की दूसरी सबसे उच्च रेटेड खिलाड़ी बन चुकी हैं, जो भारतीय शतरंज के भविष्य के लिए एक बड़ा संकेत है।

वन्तिका अग्रवाल- चौथे बोर्ड की चैंपियन

वन्तिका अग्रवाल ने चौथे बोर्ड पर 9 राउंड में 7.5 अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता। फाइनल राउंड में उन्होंने अजरबैजान की खनिम बालजाएवा को हराते हुए भारत को 3-0 से आगे कर दिया और स्वर्ण पदक के सफर को सुनिश्चित किया। वन्तिका का शांत और संयमित खेल हर मुकाबले में उनके अनुभव और उनके आत्मविश्वास को दर्शाता है।

उनकी यह जीत भारतीय महिला शतरंज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उनके खेल ने दिखाया कि वह भविष्य में और भी बड़े मंचों पर सफलता हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

सीपीएल में 100 विकेट ले 45 साल के इमरान ताहिर ने रचा इतिहास

- चोट उबरकर वापसी की
- डिफेंडिंग चैंपियंस को फिर प्लेऑफ में पहुंचाया



गयाना, एजेंसी। कैरेबियन प्रीमियर लीग में अपने सातवें सीजन में साउथ अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर इमरान ताहिर ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। डिफेंडिंग चैंपियन गुयाना अमेजन वॉरियर्स का कप्तान के तौर पर यह दूसरा सीजन है 45 साल के इमरान ताहिर कैरेबियन प्रीमियर लीग में 100 विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। वह इस लीग में 100 विकेट लेने वाले पहले विदेशी गेंदबाज भी हैं। ताहिर ने यह उपलब्धि तब हासिल की जब उन्होंने एंटीगुआ और बारबुडा फाल्कन्स के हसन खान को गुडाकेश मोती के हाथों मिडविकेट बाउंड्री पर कैच आउट कराया। अमेजन वॉरियर्स ने 135 रनों के लक्ष्य का सफल बचाव किया। ताहिर ने इस विकेट को याद करते हुए कहा कि यह मैच का टर्निंग पॉइंट था। स्पिन खेलने में माहिर हसन 12 गेंदों पर 10 रन बनाकर आउट हुए। आठवें ओवर में फाल्कन्स का स्कोर 41 रन पर 3 विकेट हो गया और अंततः टीम 108 रन पर आउट हो गई।

मोती ने जैसे ही कैच पकड़ा ताहिर ने अपने अंदाज में दौड़ लगाई और सेलिब्रेशन भी किया। अपने अगले ओवर में ताहिर ने कोफी जेम्स को भी आउट किया, जिन्होंने 23 गेंदों पर 27 रन बनाए।

पिछले सीजन में जब 45 वर्षीय ताहिर को अमेजन वॉरियर्स का कप्तान बनाया गया था तो इस कदम को सराहा नहीं गया था, लेकिन उन्होंने टीम को अपना पहला खिताब दिलाया।

कप्तान के तौर पर ताहिर को इस बार एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, जब वह सीजन के बीच में ही चोटिल हो गए, लेकिन वह फिर से मैदान पर लौटे और अमेजन वॉरियर्स को एक बार फिर प्लेऑफ में पहुंचाया।

क्लीन स्वीप होने से बची दक्षिण अफ्रीका

शारजाह, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरा वनडे जीतकर अपनी नीलाम होती हुई इज्जत बचा ली. अगर दक्षिण अफ्रीका तीसरा वनडे भी हार जाती, तो उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप होना पड़ता. पहले ही अफ्रीकी टीम अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज गंवाकर अपना कबाड़ा करवा चुकी है.

अफगानिस्तान ने तीन मैचों की वनडे सीरीज के शुरुआती दोनों मुकाबलों में जीत हासिल कर सीरीज अपने नाम की थी. अब सीरीज के तीसरे और आखिरी वनडे में दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया. अफ्रीका को तीसरा वनडे जिताने में गेंदबाजों ने अहम योगदान दिया. इसके अलावा एडन मार्करम ने शानदार पारी खेली.

ऐसा रहा मैच का हाल

शारजाह के शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला किया, जो उनके लिए बिल्कुल गलत साबित हुआ. पहले बैटिंग करने उतरी अफगानिस्तान को दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने 34 ओवर में 169 रनों पर ऑलआउट कर दिया.

अफगानिस्तान के लिए ओपनिंग पर उतरे रहमनुल्लाह गुरबाज ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 94 गेंदों में 7 चौके और 4 छक्कों की मदद से 89 रन बनाए. इसके अलावा सिर्फ दो और बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर सके. बाकी 8 बल्लेबाजों ने सिंगल डिजिट का स्कोर बनाया.

दक्षिण अफ्रीका ने आसानी से जीता मैच

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने 33 ओवर में 170/3 रन बनाकर जीत हासिल कर ली.

रन चेज करते हुए एडन मार्करम ने 67 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 69* रनों की सबसे बड़ी पारी खेली. इस दौरान ट्रिस्टन स्टब्स ने उनका साथ निभाया.

बासित अली ने भारतीय तेज गेंदबाजों की तारीफ की

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने भारतीय गेंदबाजी इकाई की विशेष प्रशंसा की और युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में खेलते हुए देखने की इच्छा जताई। भारत ने चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मैच एक दिन से अधिक समय पहले ही जीत लिया। 280 रनों की आसान जीत स्टार-स्टडेड लाइन-अप में शामिल प्रत्येक खिलाड़ी के ऑलराउंड प्रदर्शन का मिश्रण थी।

पहली पारी में जसप्रीत बुमराह (4/50), मोहम्मद सिराज (2/30) और आकाश दीप (2/19) की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने बांग्लादेश के बल्लेबाजों को 149 रन पर ढेर कर दिया। बुमराह ने पहली पारी में नियंत्रण दिखाया और चार विकेट लिए। आकाश ने आकर्षक स्पेल में शुरुआत में ही बढ़त बना ली और सिराज ने परेशानी खड़ी करने के लिए अपनी निरंतरता पर भरोसा किया। तेज गेंदबाजों से प्रभावित होकर बासित ने भारत की प्रभावशाली गेंदबाजी की सराहना की और तेज गेंदबाजों की तुलना पाकिस्तान के दिग्गज वसीम अकरम, शोएब अख्तर और वकार यूनिस से की। बासित ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, भारतीय गेंदबाजी इकाई इतनी प्रभावशाली है कि वे वसीम अकरम, शोएब अख्तर और वकार यूनिस जैसे तेज गेंदबाजों के बराबर हैं। अभी मोहम्मद शमी नहीं खेल रहे हैं।

स्थापित मुख्य खिलाड़ी बल्लेबाजों को अपनी धुन पर नचा रहे हैं, वहीं उभरते युवा तेज गेंदबाज चमकने के मौके का चुपचाप इंतजार कर रहे हैं। 2024 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में एक और तेज गेंदबाज सामने आया। दिल्ली के इस तेज गेंदबाज ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया। युवा तेज गेंदबाज ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 156.7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी और आईपीएल 2024 की सबसे तेज और टूर्नामेंट के इतिहास की चौथी सबसे तेज गेंद फेंकी।

अपनी तेज गति के साथ मयंक ने लगातार 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंककर स्पीड गन को आग लगा दी। बासित 22 वर्षीय खिलाड़ी को भारत के लिए खेलते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं। बासित ने कहा, मयंक यादव की गेंद बहुत खतरनाक है।

दलीप ट्रॉफी 2024:

इंडिया-ए ने जीता दलीप ट्रॉफी खिताब

- प्रसिद्ध कृष्णा का चला जादू... 9 ओवर में पलटा मैच

नईदिल्ली, एजेंसी।

दलीप ट्रॉफी 2024 में मयंक अग्रवाल की कप्तानी वाली इंडिया-ए टीम ने धमाल मचाते हुए खिताब अपने नाम कर लिया है. इस जीत में तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की अहम भूमिका रही है. दलीप ट्रॉफी 2024 सीजन के आखिरी मैच में इंडिया-ए ने ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली इंडिया-सी को 132 रन से हराया.

मैच में जीत के लिए इंडिया-सी को 350 रनों का टारगेट मिला था. इसके जवाब में टीम की हालत खराब हो गई और वो इसे ड्रॉ कराने के लिए जाने लगी. जबकि इंडिया-ए को जीत के लिए आखिरी 9 ओवर में 4 विकेट की जरूरत थी.

कृष्णा ने जादू चलाया और 3 विकेट झटके: ऐसे में कृष्णा ने अपना जादू चलाया और 3 विकेट लेकर इंडिया-सी को 217 रनों पर ढेर कर दिया. इंडिया-सी टीम की आखिरी उम्मीद साई सुदर्शन थे. मगर वो भी कृष्णा का शिकार हो गए. सुदर्शन 111 रन बनाकर आउट हुए. हालांकि इंडिया-सी टीम में कप्तान ऋतुराज के अलावा ईशान किशन और रजत पाटीदार जैसे बल्लेबाज भी थे, लेकिन सभी नाकाम रहे. इंडिया सी को सिर्फ एक ड्रॉ की जरूरत थी और टीम उसके करीब भी थी लेकिन प्रसिद्ध ने उसके अरमानों पर पानी फेर दिया.

मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडिया-ए टीम ने 297 रन बनाए थे. इस दौरान शाश्वत रावत ने 124 रनों की शतकीय पारी खेली. जबकि विजयकुमार वैशाक ने 4 विकेट लिए. इसके बाद आवेश खान और आकिब खान ने 3-3 विकेट लेकर इंडिया-सी टीम को 234 रनों पर ढेर कर दिया. इस तरह पहली पारी में इंडिया-ए को 63 रनों की लीड मिली.

दूसरी पारी में इंडिया-ए टीम ने 8 विकेट पर 286 रन बनाकर पारी घोषित कर दी और 350 रनों का टारगेट सेट किया. इसके जवाब में इंडिया-सी टीम 217 रन ही बना सकी और मैच गंवा दिया. दूसरी पारी में तनुष कोटियन और प्रसिद्ध कृष्णा ने 3-3 विकेट झटके.

दिलीप ट्रॉफी में बरपाया कहर

आईपीएल मेगा ऑक्शन में करोड़ों में बिक सकते हैं अंशुल-आकीब

नईदिल्ली, एजेंसी।

अंशुल कंबोज और आकीब खान ने हाल ही में दिलीप ट्रॉफी 2024 में शानदार प्रदर्शन किया. आकीब इंडिया ए टीम का हिस्सा थे. उनकी टीम चैंपियन बन गई है. वहीं अंशुल इंडिया सी टीम की ओर से खेले. वे इस बार सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे. ये दोनों ही गेंदबाज आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में मोटी रकम हासिल कर सकते हैं.

टीमों की नजर इन पर होगी. अंशुल मुंबई इंडियंस की ओर से खेल चुके हैं. दरअसल इंडिया ए ने दिलीप ट्रॉफी 2024 का खिताब जीत लिया है. उसने इंडिया सी 132 रनों से हराया. अंशुल इंडिया सी टीम का हिस्सा हैं. वे इस बार सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे. अंशुल ने 3 मैचों में 16 विकेट झटके. उन्हें पिछले ऑक्शन में मुंबई इंडियंस ने 20 लाख रुपए के बेस प्राइस पर खरीदा था. लेकिन इस बार उन्हें मोटी रकम मिल सकती है. मुंबई के रिलीज करने के बाद वे मेगा ऑक्शन में होंगे और उनका हालिया फॉर्म मोटी रकम दिला सकता है.

आकीब खान इंडिया ए की तरफ से खेल रहे थे. उन्होंने दिलीप ट्रॉफी 2024 के 2 मैचों में 8 विकेट झटके. आकीब अभी तक आईपीएल डेब्यू नहीं कर पाए हैं. लेकिन इस बार मौका मिल सकता है. आकीब तेज गेंदबाज हैं और उन्होंने इस बार अपनी रफ्तार से खुद को साबित कर दिया है. आकीब फर्स्ट क्लास में 37 विकेट ले चुके हैं. वहीं लिस्ट ए में 14 विकेट झटके हैं. वे घरेलू टी20 मैचों में 4 विकेट ले चुके हैं.

दिलीप ट्रॉफी 2024 में टीम इंडिया के कई बड़े प्लेयर्स भी खेले.

युवाओं के लिए प्रेरणा बने 50+ के ये खिलाड़ी

- शॉटपुट, रनिंग और स्विमिंग में जीत रहे गोल्ड

नईदिल्ली, एजेंसी। पंजाब सरकार की तरफ से खेडां वतन पंजाब दीयां में 50 साल से अधिक के खिलाड़ी अपना दम खम दिखा रहते हुए मेडल जीत रहे हैं। 50 साल से अधिक की कैटेगरी में ज्यादातर वह खिलाड़ी शामिल हैं जो अपने जवान में कभी किसी न किसी खेल इवेंट से जुड़े रहे हैं या फिर किसी डिपार्टमेंट में भर्ती हैं। जिला स्तरीय गेम्स में बुजुर्गों ने ज्यादातर एथलेटिक्स में ही जोर दिखाया है। तीन दिनों तक 50 साल से ज्यादा की उम्र वर्ग में खिलाड़ी दौड़, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, लांग जंप जैसे इवेंट में पार्टिसिपेट करते हुए पदक जीत चुके हैं।

टीम इंडिया के लिए रोहित-कोहली की तरह ही महत्वपूर्ण है अश्विन: तमीम इकबाल

चेन्नई, एजेंसी।

बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने रविचंद्रन अश्विन की सराहना की और कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में भारत की सफलता के लिए रोहित शर्मा और विराट कोहली जितने ही महत्वपूर्ण हैं। रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत ने रविवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश पर 280 रनों की बड़ी जीत हासिल की। अश्विन को बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में पहले टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने पहली पारी में 133 गेंदों पर 113 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। 38 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरी पारी में छह विकेट हासिल किए, जिससे भारत को चेन्नई टेस्ट के चौथे दिन बांग्लादेश पर 280 रन से जीत हासिल करने में मदद मिली।

तमीम ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में भारत की पहली पारी के दौरान अश्विन एक उचित बल्लेबाज की तरह बल्लेबाजी कर रहे थे। तमीम ने कहा कि उसने जो किया वह शानदार था, वह एक उचित बल्लेबाज की तरह बल्लेबाजी कर रहा था। मैं एक अलग देश से आता हूं। मैं हमेशा विराट कोहली और रोहित शर्मा के बारे में सुनता हूं लेकिन मेरी नजर में रविचंद्रन अश्विन भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। क्योंकि हम केवल तभी बात करते हैं जब वे होते हैं।

अच्छा प्रदर्शन करें, जब वे शतक बनाते हैं, तो उन्हें पांच छह विकेट मिलते हैं, लेकिन इस भारतीय टीम में उनका योगदान उतना ही बड़ा है जितना कि विराट कोहली। भारत ने अश्विन के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 280 रन से शानदार जीत दर्ज की है। अश्विन ने टेस्ट पहली पारी में शतक के बाद दूसरी इनिंग में 6 विकेट लिए। भारत ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए पारी में 376 रन बनाए जिसमें अश्विन ने शतक जबकि रविंद्र जडेजा और जशस्वी जायसवाल ने अर्धशतकीय पारियां खेली।

अंत्तराष्ट्रीय ठग गिरोह से जुड़े 05 सक्रिय सदस्यो को पुलिस ने किया गिरफ्तार

टेलीग्राम के माध्यम से लोगो को कम इनवेस्टमेन्ट में ज्यादा मुनाफा देने का लालच देकर करते थे फ्रॉड

पन्ना। पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर प्रमोद कुमार, उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेन्ज छतरपुर ललित शाक्यवार व पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पवई सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन में पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना एवं पुलिस थाना पवई की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा टेलीग्राम एप के माध्यम से लोगो के साथ ठगी करने वाले अंत्तराष्ट्रीय गिरोह से जुड़े 05 आरोपियों को देश के विभन्न राज्यो से गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है। दिनांक 15/07/24 को फरियादी मोम्मद फईम रजा निवासी संदीपनी मैरिज गार्डन के पास पवई द्वारा थाना पवई में रिपोर्ट की गई कि दिनांक 07/07/24 को मेरे मोबाइल में टेलीग्राम के माध्यम से एक अज्ञात टेलीग्राम आई. डी. से कॉल आया था। मेरे द्वारा कॉल रिसीव करने पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा बातचीत करते हुये कहा गया कि अगर आप कम समय में थोड़ा पैसा इन्वेस्ट करके ज्यादा मुनाफा कमाना चाहते है, तो आप अपने मोबाइल पर लास्ट मिनिट मोबाइल ऐप डाउनलोड करके हमारी कंपनी के होटल की बुकिंग करके प्रतिदिन अच्छा मुनाफा कमा सकते हो। मेरे द्वारा मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड किये जाने के बाद उस व्यक्ति द्वारा मुझे डेमो दिया गया साथ ही मेरा आई डी पासवर्ड जनरेट कर दिया गया एवं मेरे कुछ दस्तावेज (फोटो, जन्मतिथी एवं बैंक खाता) ले लिये गये। एप्लीकेशन में जैसे ही मैने लॉगिन किया तो मेरे वॉलेट में 800 रूपये प्राप्त होने पर मैने अपने बैंक खाता में ट्रान्सफर कर लिये। इसके बाद मैने उक्त व्यक्ति के बताये अनुसार 8000 रूपये का स्लॉट बुक किया तो मुझे 11831 रूपये वॉलेट में प्राप्त हुये जो मैने अपने खाते में ट्रान्सफर कर लिये इसके बाद मैनें 20 हजार एवं 12 हजार का स्लॉट बुक किया तो मुझे वॉलेट में 37715 रूपये प्राप्त हुये। दिनांक 11/07/24 को उस व्यक्ति द्वारा मुझे टेलीग्राम के माध्यम से कॉल करके कहा गया कि आज कम्पनी की एनवरसरी है अगर तुम आज 1 लाख इनवेस्ट करोगो तो तुम्हे करीब तीन गुना फायदा होगा मैने उक्त व्यक्ति के बताये अनुसार 1 लाख रूपये जमा कर दिये इसके बाद उस व्यक्ति ने कहा कि तुम 1 लाख 80 हजार चार सौ बीस रूपये और जमा करो तो तुम्हे 5 गुना फायदा होगा उसकी बातो का विश्वास करके मैने उसके द्वारा

बताई गई राशि जमा कर दी। जमा की गई राशि का स्क्रीन शॉट मेरे द्वारा टेलीग्राम नम्बर पर भेजे जाने पर उसके द्वारा कहा गया कि आप 2 लाख 95 हजार रूपये और जमा करो कंपनी आपको बहुत बड़ा मुनाफा देगी। इस बार मुझे संदेह हुआ तो मैने कहा कि मेरे पास पैसो की व्यवस्था नही है आप मेरे द्वारा जमा की गई राशि वापस कर दीजिये। मेरे द्वारा कई बार संपर्क किये जाने पर भी मेरी राशि वापस नही की गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पवई में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 281/24 धारा 318 (4) बी एन एस का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना एवं थाना पवई की संयुक्त टीम द्वारा अज्ञात व्यक्तियो के सभी बैंक खातो, वर्चुअल व्हाटएप नम्बरो एवं टेलीग्राम आई.डी की जानकारी हेतु लगातार प्रयास किये गये। मामले में पुलिस टीम द्वारा बैंक खातो का उपयोग करने वाले 05 आरोपियों को देश के अलग-अलग राज्यों से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर घटना के संबंध में पूँछताछ किये जाने पर उक्त व्यक्तियो द्वारा फरियादी के साथ घटना कारित किया जना स्वीकार किया गया। मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से नगदी करीब 1 लाख 39 हजार रूपये एवं 06 मोबाइल कीमती करीब 1 लाख 20 रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 2 लाख 59 हजार रूपये जप्त किया जाकर आरोपियो को गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय के आदेशानुसार जिला जेल पन्ना भेजा गया है। उक्त आरोपियों से पूँछताछ पर देश के विभिन्न राज्यो में हुई कई वारदातो के खुलासा होने की प्रबल संभावना है।

नीलेश जाटव उम्र 24 वर्ष निवासी होशंगाबाद म.प्र., ऋतुराज जैसवाल पिता श्री अशोक जैसवाल उम्र 29 वर्ष निवासी मिर्जापुर उ.प्र., रोहित गौर पिता श्री बलराम गौर उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम रायपुर होशंगाबाद म.प्र., बंटी उर्फ सुनील मेहरा पिता श्री हरी किशोर मेहरा उम्र 30 वर्ष निवासी बैतूल म.प्र., हिमांशु सोने पिता सुर्नेश सोने उम्र 21 साल निवासी रायपुर छत्तीसगढ़। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से नगद 01 लाख 39 हजार रूपये एवं घटना में प्रयुक्त 06 मोबाइल कीमती करीब 1 लाख 20 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 2 लाख 59 हजार रूपये का जप्त किया गया है।

आरोपीगण सोशल मीडिया (टेलीग्राम) के माध्यम से लोगो को कम समय में ज्यादा मुनाफा देने का लालच देकर अलग-अलग तरीको से इनवेस्टमेन्ट के नाम पर बडी कंपनियो से मिलता-जुलता एप्लीकेशन इन्सटॉल करवाकर राशि जमा करवाते है। शुरुआत में कम पैसो में अच्छा रिटर्न देकर लोगो का विश्वास जीत लेते हैं इसके बाद बड़ी राशि में ज्यादा मुनाफा दिलवाने का विश्वास देकर छल पूर्वक लोके से मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से पैसे अपने बैंक खातो में जमा करवाकर लोगो के एप्लीकेशन को ब्लॉक कर दिया जाता है। लोगो से धोखाधड़ी पूर्वक मोबाइल एप्लीकेशन में डलवाई गई बड़ी रकम को आरोपीगण तुरन्त ऑनलाइन अन्य बैंक खातो में ट्रांसफर कर लेते हैं। उक्त राशि को ट्रेडिंग एप (ठपदंदबम) माध्यम से ैक्ज् (क्रिप्टो करेंसी) में कन्वर्ट कर लेते हैं। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी, प्रभारी सायबर सेल उनि अनिल सिंह राजपूत, सउनि रंजीत कुजूर ,प्रआर. गनेश सिहं ,लखन लाल प्यासी ,आर. राहुल अहिरवार, प्रेमनारायण प्रजापति, सुशील कोल, महेश चौहान एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से प्र.आर. राहुल सिंह बघेल, आशीष अवस्थी, आर. धर्मेन्द्र सिंह राजावत, राहुल पाण्डेय एवं नितिन नवराज सिंह का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को 30 हजार रूपये के नगद ईनाम से पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

जेके कंपनी के भारी वाहनों की आवाजाही से रोड के उड़े परखच्चे, प्रशासन मौन

अमानगंज

इन दिनों नगर अमानगंज से थाना तिराहा के आगे अमानगंज पन्ना मार्ग पूरी तरह से छत बिछत जर्जर हालत में देखी जा रही है जेके कंपनी इन दिनों तानाशाही की चर्चा में बनी हुई है क्षेत्र की जनता के साथ होगा इतना बड़ा विश्वास घात यह किसी ने सोचा भी नहीं होगा स्थानीय जनता से दूरी बनाकर अपना उल्लू सीधा करने में लगे कंपनी के अधिकारी नगर क्षेत्र की जनता का भरपूर शोषण करते देखे जा रहे हैं दर्जनों लोग भारी वाहनों से दुर्घटना में काल कल्पित हो चुके हैं पशुधन तो सैकड़ो की तादाद में वें मौत भारी बहनों की बेलगाम चाल से काल के गाल में समाहित हो चुके हैं परंतु जिला प्रशासन ने आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की है जिससे कंपनी के हौसले बुलंद बने हुए हैं ऐसा ही मामला देखने में आया है नगर अमानगंज के थाना तिराहे के आगे का जो मेन रोड पर गड्ढे ऊपर और रोड नीचे पहुंच गया है जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं आबा गवन के शिकार दुर्घटना के पीड़ित बाहर अस्पतालो में इलाज रत देखे जा रहे हैं परंतु इस रोड का कार्य किसे कराना है यह सोचनीय विषय है रोड पर चलने वाले भारी भरकम टैक्स देने के बाद भी इस रोड को किसे बनाना है यह तो जिला प्रशासन के मुखिया ही बता सकते हैं परंतु सड़क सुधार कार्य बहुत ही जरूरी है जिससे आवा गवन का रास्ता सुलभ हो सके साथ ही कोई अनहोनी घटना ना घट सके समाचार पत्र के माध्यम से नगर क्षेत्र की जनता ने जिले के संवेदनशील कलेक्टर महोदय से विनम्र अपील की है।

लगातार हांका लगाने के बावजूद सड़कों में आवारा पशुओं का जमावड़ा बरकरार

पन्ना। नगर सहित आसपास की सड़कों में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगातार हांका लगाने के बावजूद बरकरार है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। रात्रि के समय जब यह पशु सड़कों पर बैठ जाते हैं तब वाहनों के आवागमन में भारी समस्या का सामना करना पड़ता है, मुख्य नगर पालिका अधिकारी

शशि कपूर गढ़पाले ने बताया कि नगर को आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने के लिए हर तीसरे दिन हांका लगाकर पशुओं को गौशाला पहुंचाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा नगर में मुनादी भी करवाई गई है कि जो भी पशुपालक है वह अपने पशुओं को अपने घरों में बांधकर रखें सड़कों पर नहीं छोड़े, नगर पालिका के द्वारा तो आवारा पशुओं के प्रबंधन के संबंध में बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल ही विपरीत है।

घर में सो रहे 45 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से निर्मम हत्या, क्षेत्र में सनसनी

पन्ना। कोतवाली थाना पन्ना अंतर्गत ग्राम सुनहरा में दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। बीती रात अज्ञात लोगों के द्वारा अपने घर के अंदर चारपाई में सो रहे गोविंद रैकवार पिता वृंदावन रैकवार उम्र लगभग 45 वर्ष की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई है। सुबह जब परिवार के लोगों ने यह खौफनाक मंजर देखा तो घबरा गए, सूचना मिलते ही मौके पर गांव के लोग एकत्र हो गए, थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वायड टीम के साथ मौके पर पहुंच गए, पुलिस ने घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्र कर पंचनामा उपरांत मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

पॉलिटेक्निक ग्राउंड में पन्ना क्रिकेट अकादमी का शुभारंभ

पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह क्रिकेट खेलकर किया उद्घाटन

पन्ना। पन्ना में खेल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से पन्ना क्रिकेट अकादमी का शुभारंभ पॉलिटेक्निक ग्राउंड में किया गया है पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने इस अकादमी का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बच्चे यहां क्रिकेट खेलेंगे अब तक पन्ना से फुटबॉलर निकलते रहे हैं लेकिन अब निश्चित ही क्रिकेटर निकलेंगे उन्होंने अकादमी के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि निश्चित ही यह एकेडमी बच्चों को अच्छा खेल

उपलब्ध कराएगी और प्रतिभाएं निकलेगी इस दौरान लोगों कहां की पन्ना में खेल ग्राउंडों की कमी है और वर्तमान में पॉलिटेक्निक ग्राउंड में प्रदर्शनी लगाई जा रही है जिसकी परमिशन प्रशासन ने दे दी जिससे खेल बंद हो जाएगा लिहाजा यहां प्रदर्शनी नहीं लगानी चाहिए इस क्रिकेट अकादमी का शुभारंभ सूर्य कांत श्रीवास्तव ने किया है जो अपने साथियों के साथ इस अकादमी का संचालन करेंगे इस दौरान तिवारी,पन्ना क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, छत्रसाल महाविद्यालय की प्राध्यापक राठौर सर ,शिवकुमार मिश्रा, चंद्रहास सिंह, जिला खेल अधिकारी राजेश मिश्रा,पंकज श्रीवास्तव पॉलिटेक्निक के प्राचार्य आरएस त्रिपाठी, संजय सिंह,शिव कुमार त्रिपाठी, योगेंद्र भादोरिया सतयेंद्र प्रताप सिंह अनिल त्रिपाठी, हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में खेल प्रशिक्षक पवन राठौड़ सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और पूर्व खिलाड़ी मौजूद रहे।

यातायात पुलिस द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले ट्रक व बिना फिटनेस परमिट के बस, ऑटो के विरूद्ध की गयी कार्यवाही

पन्ना

पुलिस मुख्यालय पीटीआरआई भोपाल के आदेशानुसार,पुलिस अधीक्षक पन्ना पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी एस.पी.सिंह बघेल के निर्देशन थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार व यातायात स्टाफ के द्वारा विशेष

अभियान चलाया जाकर बिना फिटनेस , बिना परमिट व क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वाले ऑटो , ई - रिक्शा, बस चालको एंव नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी कार्यवाही । दौरान वाहन चैकिंग कुल 25 वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर 17100 /- रूपये समन शुल्क बसूल किया गया । तथा शराब के नशे मे वाहन चलाने वाले 02 ट्रक चालको के विरूद्ध कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पन्ना के समक्ष पेश किये जाकर माननीय न्यायालय के द्वारा ट्रक चालको को 10000 - 10000 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

नवभारत साक्षरता की परीक्षा संपन्न

पवई। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत संपूर्ण भारत में 22 सितंबर 2024 दिन रविवार को संपूर्ण भारत के साथ-साथ पन्ना जिले के सहित पवई विकासखंड के सभी 13 जन शिक्षा केंद्र में परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें बुजुर्ग महिला पुरुष एवं 15 वर्ष से अधिक उम्र वाले छात्र-छात्रा जो बुनियादी साक्षर नहीं थे उन्हें भी इस परीक्षा में बैठाया गया जिला साक्षरता अधिकारी रामाकांत खरे के निर्देशन में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री अनिल रावत व विकासखंड सह समन्वय साक्षरता रमेश प्रजापति द्वारा बताया गया कि पवई विकासखंड के 13 जनशिक्षा केंद्र में 319 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे 6800 नवसाक्षरों ने परीक्षा में भाग लिया विकासखंड स्तरीय टीम ने मुराछ में जाकर परीक्षा का अवलोकन किया जिसमें विद्यालय के प्राचार्य श्री राम सेवक सिंह कपिल बागरी व मुकेश पाठक सहसमन्वयक साक्षरता मौजूद रहे।

व्हाट्सएप मेसेज से एम्बुलेंस सहायता के संबंध में आशा कार्यकर्ताओं को दी गई जानकारी

पन्ना। जिले में आशा कार्यकर्ताओं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं चिकित्सा सेवा से जुड़े व्यक्तियों और आम नागरिकों को व्हाट्सएप नंबर 6269695935 पर मैसेज के माध्यम से 108 एंबुलेंस सहायता के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस संबंध में बताया जा रहा है कि कई बार तबीयत बिगड़ने, कोई हादसा होने या गर्भवती महिला को तत्काल एंबुलेंस की आवश्यकता पड़ती है ऐसे में 108 कॉल सेंटर नंबर व्यस्त होने या कॉल नहीं लगने पर परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इस समस्या को देखते हुए जय अम्बे एजेंसी सर्विसेज ने एक व्हाटसएप नंबर 6269695935 जारी किया है। जिसमें क्रिटिकल केयर सेवाओं, बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए 108 एंबुलेंस सेवाए जरूरत पड़ने पर सिर्फ एक मैसेज से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग के जमीनी अमले की मीटिंग एवं प्रशिक्षण आदि में यह जानकारी दी जा रही है कि इमरजेंसी में 108 नंबर व्यस्त होने या कॉल कनेक्ट नहीं होने पर जय अम्बे एजेंसी सर्विसेज द्वारा आशा कार्यकर्ताओं को 108 वाहन की सुगमता से उपलब्धता की जानकारी दी जा रही है। ऑपरेशन मैनेजर आशीष दीक्षित, जोनल मैनेजर अरुण चौधरी एवं डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मुलायम सिंह द्वारा आषा कार्यकर्ताओं को इस संबंध में प्रषिक्षण दिया जा रहा है।

मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण के लिए प्रयास निरंतर जारी

पन्ना। पन्ना जिले में मच्छर जनित बीमारियों मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया एवं फाइलेरिया के नियंत्रण के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। जिले में अब तक कुल 98 हजार 231 व्यक्तियों की मलेरिया जांच की जा चुकी है। जनवरी से अब तक कुल 15 मलेरिया प्रकरण दर्ज किये गये हैं, जिनमें से 7 अजयगढ़, 1 अमानगंज, 4 पवई एवं 3 देवेन्द्रनगर के हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. एस.के. त्रिपाठी ने बताया कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। इसलिए बुखार आने पर मलेरिया की जांच अवश्य करायें। मलेरिया जांच की सुविधा समस्त शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र एवं आशा कार्यकर्ता के पास नि:शुल्क उपलब्ध है। विभाग द्वारा इस वर्ष भारत सरकार से प्राप्त 2 लाख 68 हजार 700 मच्छरदानियों का वितरण जिले के चिन्हित 496 ग्रामों में किया गया है। एल.एल.आई.एन.मच्छरदानियां उन्हीं ग्रामों में वितरित कि गई हैं, जिन ग्रामों में वर्ष 2015 में मलेरिया पॉजिटीविटी के आधार पर वर्ष 2018-19 में मच्छरदानियों का वितरण किया गया था। उक्त मच्छरदानियों की अवसान अवधि पूर्ण हो जाने के कारण प्रतिस्थापित किया गया है। अन्य ग्रामों के लिए मच्छरदानियां भारत सरकार से प्राप्त नहीं हुयी हैं। इसके अलावा अब तक 27 हजार 467 घरों में लार्वा सर्वे कर 76 हजार 115 कंटेनर चेक किये गये हैं, जिनमें से 559 घरों के 1 हजार 69 बर्तनों में मच्छर के लार्वा पाये गये, जिन्हें लार्वा सर्वे टीम के द्वारा समक्ष में नष्ट करवाया गया एवं आमजन को समझाईश दी गयी कि बर्तनों में संग्रहित पानी को एक सप्ताह के अन्दर अवश्य बदलें, जिससे मच्छरों के लार्वा से मच्छर न बन सकें। आमजनों को सलाह दी गई है कि मलेरिया डेंगू फैलाने वाले मच्छर रूके हुये पानी में पैदा होते हैं। इससे बचाव के लिए अपने आसपास पानी जमा न होने दें। यदि पानी की निकासी संभव न हो तो सप्ताह में एक बार जला हुआ इंजन ऑयल इतनी मात्रा में डालें कि पानी के ऊपर एक पर्त बन जाये। घरों में संग्रहित पानी को ढंक कर रखें एवं सप्ताह में एक बार अवश्य बदलें। पूरी बांह के कपड़े पहनें, सोते समय हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करें। डेंगू के लक्षण जैसे तेज बुखार, सिर दर्द, आंख के पीछे तरफ दर्द, शरीर में लाल दाने या चकत्ते दिखने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। डेंगू की जांच एवं उपचार की सुविधा जिला चिकित्सालय पन्ना में नि:शुल्क उपलब्ध है।

नोडल अधिकारियों की मौजूदगी में कराएं खाद्यान्न वितरण: कलेक्टर

पन्ना। कलेक्टर सुरेश कुमार ने लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सुचारू क्रियान्यवन के उद्देश्य से आगामी अक्टूबर माह में नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। आगामी माह में 4, 5 एवं 6 अक्टूबर को अन्न उत्सव आयोजित कर राशन वितरण किया जाएगा। इस संबंध में समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सहायक आयुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं समस्त कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को अनिवार्य रूप से समयावधि में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। बताया गया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार समय पर खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री की उपलब्धता के दृष्टिगत वर्तमान सितम्बर माह की भांति अक्टूबर में भी निर्धारित तीन दिवसों में जिले की 428 दुकानों में अधिकतम हितग्राहियों को खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया जाएगा।

मातृ और शिशु स्वास्थ्य में सुधार के लिए केयर कम्पैनियन प्रोग्राम की पहल : डॉ. अभिषेक

देवेन्द्रनगर। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि अस्पताल में रोगियों की देखभाल में उनके परिवारों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए, पन्ना जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देवेंद्रनगर में श्केयर कम्पैनियन प्रोग्रामश् शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के मानकों में सुधार करना है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश द्वारा मातृ और शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें श्नूरा हेल्थश् संस्था तकनीकी सहायता प्रदान कर रही है। इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को स्वास्थ्य

शिक्षा देना है, ताकि वे बेहतर देखभाल कर सकें। विशेष सत्रों के माध्यम से परिवार के सदस्यों को मातृ और शिशु स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक चिकित्सा कौशल सिखाए जाते हैं। प्रशिक्षित नर्सें वार्ड में मरीजों की देखभाल के साथ-साथ माताओं और परिवार वालों को नवजात और मातृ देखभाल के बारे में जानकारी देती हैं। यह कार्यक्रम श्यूएसएड इनोवेशन फाउंडेशनश् के सहयोग से चलाया जा रहा है। प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए फ्लिप-चार्ट, हैंडआउट, गुड़िया प्रदर्शन और पोस्टर जैसे साधनों का उपयोग किया जाता है, जिससे वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से देखभाल के महत्व को समझाया जाता है। प्रशिक्षण स्थानीय भाषाओं में दिया जाता है, जिससे सभी प्रतिभागियों को इसे समझने में आसानी होती है। सत्रों के बाद परिजनों को व्हाट्सएप सेवा और यूट्यूब वीडियो जैसे डिजिटल माध्यमों के जरिए निरंतर सहायता प्रदान की जाती है। पिछले छह महीनों में, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में 129 सत्रों के जरिए 923 से अधिक परिजनों को स्वास्थ्य शिक्षा दी गई है। भविष्य में इस कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, मंगलवार 24 सितम्बर 2024 | 8

लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाता जागरूकता के लिए राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन निर्वाचन आयोग द्वारा किया गया था। इस प्रतियोगिता में रीवा जिले के बालमुकुन्द मिश्रा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लिए नागरिकों के समग्र विकास का किया है कार्य : उप मुख्यमंत्री

आयुष्मान पखवाड़े का किया औपचारिक शुभारंभ

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि विकसित भारत के लिए स्वस्थ भारत मूलभूत कड़ी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के लिए समस्त नागरिकों के समग्र विकास के लिए कार्य किया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कुशलता, रोजगार-स्वरोजगार के अवसर सभी क्षेत्रों में जन-हितकारी योजनाओं के माध्यम से सभी नागरिकों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा गया है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने सिविल अस्पताल डॉ. कैलाशनाथ काटजू भोपाल में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के 6 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयुष्मान पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग नागरिकों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक की प्रधानमंत्री श्री मोदी चिंता करते हैं। बुजुर्ग नागरिकों ने देश के निर्माण में सहभागिता की है, उनके योगदान का सम्मान किया गया है। अब बुजुर्ग नागरिकों के इलाज का खर्चा सरकार वहन करेगी।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत मध्यप्रदेश के 1 करोड़ 8 लाख पात्र परिवारों के 4 करोड़ 70 लाख नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं। हाल ही में, मध्य प्रदेश ने 4 करोड़ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पात्र परिवारों में 99.81 प्रतिशत का कम से कम एक आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों जैसे बैगा, भारिया और सहरिया नागरिकों के आयुष्मान कार्ड मिशन मोड में बनाए जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि 22 लाख से अधिक हितग्राही इस योजना के तहत नि:शुल्क और गुणवत्तापूर्ण उपचार से लाभान्वित हुए हैं। राज्य में 1,000 से अधिक अस्पताल इस योजना के तहत संबद्ध हैं। योजना के तहत 7 हज़ार 200 करोड़ रुपये के 45 लाख उपचार अनुमोदित किए गए हैं। प्रदेश में आयुष्मान

भारत निरामय योजना का विस्तार कर विशेष पिछड़ी जनजाति, भोपाल गैस त्रासदी पीड़ित और अन्य वंचित वर्गों को भी योजना का पात्र बनाया गया है। शीघ्र ही समस्त दुर्घटना पीड़ित को आयुष्मान योजना में शामिल किये जाने का प्रावधान किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने योजना के क्रियान्वयन में प्रयास करने वाले समस्त अधिकारियों कर्मचारियों और नागरिकों को उत्कृष्ट उपचार प्रदान करने वाले चिकित्सकीय, सहायक चिकित्सकीय स्टाफ की सराहना की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों से संवाद किया और उनके अनुभव की जानकारी प्राप्त की। हितग्राही श्री विनोद जैन ने बताया कि उनके हार्ट की बायपास सर्जरी हुई है। यह उपचार उन्हें पूर्णतया नि:शुल्क प्राप्त हुआ है। हितग्राही मो. एजाज ने बताया कि विगत 11 महीनों से उनका कैंसर का इलाज चल रहा है एयर नि:शुल्क दवायें भी उपलब्ध हो रही हैं। एक अन्य हितग्राही श्री कमलेश परिहार जिनका बचपन में दुर्घटना से पैर कार्य नहीं कर रहा था उनका नि:शुल्क इलाज चल रहा है और आज वे अपने पैरों में खड़े हो सके हैं। सुश्री नंदिनी ने बताया कि बचपन में चूल्हे से जलकर उनके हाथ कार्य कर नहीं कर रहे थे, आयुष्मान योजना से आज उन्हें उन्नत उपचार प्राप्त हुआ है और प्लास्टिक सर्जरी से आज उनका हाथ कार्य कर रहा है। हितग्राहियों ने इस जनहितैषी योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमन्त्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आयुष्मान भारत योजना में 70 वर्ष के अधिक नागरिकों की पात्रता पर बनाई गई जागरूकता वीडियो फ़िल्म, आयुष्मान योजना जागरूकता गीत और केयर फ़ाउडेशन के भोपाल एवं सीहोर ज़िले में टेलीमेडिसिन के पायलट प्रोजेक्ट की जागरूकता फ़िल्म को लांच किया। उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान और आभा आईडी निर्माण सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के स्टाल का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनों आयुष्मान भारत योजना के प्रति जागरूकता लाकर अच्छा स्वास्थ्य सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई।

सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का स्वयं रूचि लेकर निराकरण कराएं : कलेक्टर

रीवा

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का स्वयं रूचि लेकर निराकरण कराएं। स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा, आदिमजाति कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, नगरीय प्रशासन तथा ग्रामीण विकास विभाग में 50 दिनों से अधिक समय से बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं। इनमें समुचित कार्यवाही करके प्रकरणों का निराकरण कराएं। यदि विभाग सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में डी श्रेणी में रहा तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने बैठक से बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कार्यपालन यंत्री पीएचई मैकेनिकल एवं सिविल सर्जन को नोटिस देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि जो शिकायतें माँग आधारित हैं उन्हें बंद कराएं। अन्य शिकायतों में भी तथ्यपरक प्रतिवेदन दर्ज कर उनका निराकरण करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई तथा जिला प्रबंधक जल निगम नलजल योजनाओं से जुड़ी शिकायतों का एक सप्ताह में निराकरण कराएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि महाप्रबंधक जिला उद्योग प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। जिले के बढ़ई, लोहार, कुम्हार, सुपाड़ी के खिलौने बनाने वाले जैसे परंपरागत शिल्पियों के प्रकरण तैयार कर उन्हें योजना का लाभ दें। कलेक्टर ने कहा कि 25 सितम्बर को शाम 4 बजे से माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में तनाव प्रबंधन के संबंध में कार्यशाला आयोजित की जा रही है। अधिकारी इसमें शामिल होकर लाभ उठाएं। बैठक में एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी, एसडीएम त्योंथर संजय जैन, एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले एवं सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

आईटीआई रीवा में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आज

रीवा। संभागीय आईटीआई रीवा में 24 सितम्बर को सुबह 10 बजे से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में वेलस्पॉन डक्टाइल आयरन पाइप लिमिटेड अंजर गुजरात द्वारा पात्र युवाओं का चयन किया जाएगा। रोजगार का अवसर पाने के लिए आईटीआई के फिटर, इलेक्ट्रीशियन तथा मशीनिस्ट व्यवसाय के लिए पात्र युवा आवेदन कर सकते हैं। चयनित होने पर युवाओं को 18600 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने तथा अच्छा कार्य व्यवहार रहने पर वेतन 22800 रुपए प्रतिमाह कर दिया जाएगा। पात्र युवाओं का चयन इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा। वर्ष 2022-23 में शासकीय आईटीआई से 60 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण विद्यार्थी तथा वर्ष 2024 के अंतिम वर्ष में प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थी प्लेसमेंट में शामिल होने के पात्र हैं।

त्योंथर की ग्राम पंचायत अतरैला 11 के सरपंच हेतु निर्वाचन 15 अक्टूबर को

रीवा। जनपद पंचायत त्योंथर की ग्राम पंचायत अतरैला 11 के सरपंच पद के उप निर्वाचन की स्थगित प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। सरपंच पद के लिए तीन मतदान केन्द्रों में आगामी 15 अक्टूबर को मतदान कराया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के अनुक्रम में अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 28 सितंबर को अपरान्ह 3 बजे तक नियत है।

संभागीय बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें : कमिश्नर

रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय बैठक के एजेण्डा बिंदुओं की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि 25 सितम्बर को अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय संभागीय बैठकों में दिए गए निर्देशों के पालन की समीक्षा करेंगे। सभी संबंधित अधिकारी पालन प्रतिवेदन को ऑनलाइन अपडेट करा दें। निर्माण कार्यों के संबंध में अद्यतन स्थिति तथा पूरा होने की तिथि का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें। शासन स्तर को स्वीकृति के लिए भेजे गए प्रस्तावों का लगातार फालोअप

करके उन्हें स्वीकृति दिलाएं। संभागीय बैठक में 25 सितम्बर को सिंगरौली जिले के अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल होंगे। शेष सभी अधिकारी कमिश्नर कार्यालय सभाकक्ष में उपस्थित रहेंगे। सभी अधिकारी विभागीय कार्यों और योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी भी प्रस्तुत करें जिससे इनका समुचित प्रचार-प्रसार किया जा सके। बैठक में कमिश्नर ने एजेण्डावार बिंदुओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सीधी जिले में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की 12 सड़कों को पूरा कराने का सुझाव दिया गया था। इनमें से 6 का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष का निर्माण कार्य दिसम्बर माह तक पूरा कराएं। सिंगरौली जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में प्रस्तावित विभिन्न सड़कों में स्वीकृति के अनुसार कार्य शुरू कराएं। सतना जिले की बाणसागर समूह नलजल योजना का कार्य मार्च 2025 तक पूरा कराने के लिए कलेक्टर इसकी नियमित समीक्षा करें। कलेक्टर सीधी गुलाब सागर परियोजना की भूअर्जन की राशि का दो दिवस में भुगतान कराएं। गोड़ सिंचाई परियोजना के लिए संजय टाईगर रिजर्व तथा वन विभाग को दी जाने वाली भूमि कलेक्टर सिंगरौली हस्तांतरित कराएं। परियोजना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के प्रयास करें। बैठक में कमिश्नर ने सिंगरौली जिले की बैढ़न समूह नलजल योजना, चितरंगी महाविद्यालय में नए संकाय शुरू करने तथा निराश्रित गौवंश को व्यवस्थित करने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बरगी परियोजना में निर्माणाधीन स्लीमनाबाद टनल में अभी 1129 मीटर में निर्माण कार्य शेष है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की 73वीं वार्षिक आमसभा संपन्न

रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की 73वीं वार्षिक आमसभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर एवं बैंक की चेयरमैन श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सहकारी बैंक की वित्तीय स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। गत वर्ष की तुलना में बैंक की अंश पूँजी में 68.32 लाख रुपए की वृद्धि हुई है। इसकी संचित निधि में 22.53 लाख की वृद्धि हुई

है। गत वर्ष की तुलना में ऋण ग्रहण में 87.49 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्तमान वित्तीय वर्ष की वसूली भी संतोषजनक है। कालातीत ऋणों की वसूली के लिए अभियान चलाएं। इनके नोटिस निकालकर वसूली की कार्यवाही शुरू करें। बैठक में बजट अनुमानों के आधार पर दो करोड़ 61 लाख रुपए के लाभ के बजट को मंजूरी दी गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि तीन वर्ष से अधिक समय के कालातीत ऋणों की वसूली के लिए नोटिस जारी करें। उपार्जन से जुड़ी सभी देनदारियों का भुगतान करें। सहकारी समितियों की ऑडिट समय पर कराएं। बैठक में जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि बैंक में गत वर्ष 82 करोड़ की तुलना में इस वर्ष 114 करोड़ रुपए का ऋण निवेश किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष की चालू ऋण की वसूली 90 प्रतिशत है जबकि कुल ऋण राशि की 60 प्रतिशत वसूली हुई है। बैंक में 107 करोड़ का कालातीत ऋण है जिसकी 38 प्रतिशत वसूली की गई है। धान के उपार्जन से शेष ऋणों की लगभग 50 प्रतिशत वसूली हो जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में बैंक के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में उपायुक्त सहकारिता अशोक शुक्ला तथा आमसभा के सदस्य उपस्थित रहे।

दिव्यांग परीक्षण शिविर आज मऊगंज में

रीवा। जिला प्रशासन द्वारा एलिम्को जबलपुर एवं जिला निःशक्त पुनर्वास केन्द्र के सहयोग से दिव्यांग परीक्षण शिविरों का आयोजन प्रारंभ हो गया है। रीवा एवं मऊगंज जिले में आयोजित होने वाले शिविरों में राष्ट्रीय वयोश्री योजना अन्तर्गत हितग्राहियों का चयन किया जाकर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम इकाई जबलपुर द्वारा दिव्यांगों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में 24 सितम्बर को दिव्यांगजन परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा।

शिवराजपुर में उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए प्रस्ताव आज तक आमंत्रित

रीवा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य दुकानों से पात्र राशनकार्ड धारियों को खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। मऊगंज तहसील के शिवराजपुर उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए प्रस्ताव 24 सितंबर तक आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में एसडीएम मऊगंज बीके पाण्डेय ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए ग्राम पंचायत शिवराजपुर में संचालित उचित मूल्य दुकान के पुनः आवंटन तथा संचालन के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। दुकान संचालन के लिए उपभोक्ता समिति, विपणन समिति, उत्पादक समिति, संसाधन समिति, बहुप्रयोजन समिति, महिला स्वसहायता समूह तथा संयुक्त वन प्रबंधन समिति आवेदन कर सकती हैं। इस संबंध में अन्य विवरण एसडीएम कार्यालय मऊगंज तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय खाद्य शाखा मऊगंज से प्राप्त किया जा सकता है।

पूरे देश में युवा किसान मजदूर सभी भाजपा से जुड़ रहे मऊगंज में भी सदस्यता का रिकॉर्ड बनाएं: रणवीर सिंह

रीवा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के महामंत्री रीवा संभाग के प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने मऊगंज के संगठन पर्व के तहत देवतालाब में बृहद बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने की होड लगी हुई है हर युवा किसान मजदूर भाजपा के कार्यों से विकास से प्रभावित है और वह भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने के लिए उत्साहित है पार्टी कार्यकर्ता हर घर में जाकर भाजपा की सदस्यता दिलाने के लिए निवेदन करें और भारतीय जनता पार्टी ने देश के नवनिर्माण का जो अभियान चलाया है मान. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जिस तरह से रात दिन राष्ट्र को विकसित बनाने के लिए संकल्पित होकर काम कर रहे हैं उसका परिणाम है कि देश की आम जनता भाजपा से जुड़ने के लिए उत्साहित और तैयार है मध्य प्रदेश में जिस तरह से आम व्यक्ति के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन हुआ है उससे आम जनों में भाजपा के लिए व्यापक उत्साह है उसका लाभ उठाते हुए हर परिवार से भाजपा के सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा करें मऊगंज जिला ने अच्छा काम किया है और लक्ष्य जो दिया गया उसे पूरा करने के लिए और ताकत लगाकर 25 सितंबर को हर बूथ से कम से कम 200 सदस्य बनाएं बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने किया उन्होंने अभी तक चलाए गए सदस्यता अभियान की जानकारी दी बैठक में यस यस तिवारी महेंद्र सिंह मनोज सिंह सुरेंद्र सिंह शिवपूजन शुक्ला संजय सोनी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आहरण संवितरण अधिकारी वेतन 27 सितंबर तक करें जनरेट

रीवा। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार शुक्ला ने जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से 27 सितंबर तक वेतन देयक जनरेट करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि सभी अधिकारी निर्धारित तिथि तक अनिवार्यतः वेतन देयक जनरेट कर दें जिससे एक अक्टूबर को शत-प्रतिशत अधिकारियों-कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जा सके। समय पर वेतन जनरेट न करने पर माह की प्रथम तारीख को वेतन दिया जाना संभव नहीं होगा। जिन अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन किसी कारणवश रोका गया है।

नागरिकों की सुविधा के लिए अधोसंरचनाओं में किया जा रहा है निरंतर और सुनियोजित विस्तार: उप मुख्यमंत्री

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा क्षेत्र का विकास तीव्र गति से हो रहा है, जिससे अधोसंरचनाओं पर दबाव बढ़ रहा है। नागरिकों की सुविधा के लिए अधोसंरचनाओं में निरंतर और सुनियोजित विस्तार किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में विंध्य क्षेत्र में एमपीआरडीसी के वृहद सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर समय सीमा में पूर्ण करें।

रीवा बायपास फोर-लेन मार्ग निर्माण कार्य नवम्बर से होगा प्रारंभ - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा बायपास फोर-लेन, सीधी-सिंगरौली फोर-लेन, शहडोल-उमरिया टू-लेन, और रीवा-ब्यौहारी-टेटका मोड़-शहडोल मार्ग की प्रगति की वृहद समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कार्य संचालन के लिए आवश्यक स्वीकृतियों और अनुमतियों की कार्रवाई शीघ्रता से पूरी की जाए। बताया गया कि रीवा बायपास फोर-लेन मार्ग के लिए आरओडब्ल्यू (राइट ऑफ वे) की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और नवम्बर माह में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सीधी-सिंगरौली मार्ग में निर्माणाधीन गोपद पुल को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। रीवा-ब्यौहारी मार्ग के 18 किमी खंड में वन विभाग की स्वीकृति लंबित है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि संबंधित विभागीय अधिकारी वन विभाग की सक्षम स्वीकृति के लिए समस्त औपचारिकताएं प्राथमिकता से पूर्ण करायें। बैठक में एमडी एमपीआरडीसी श्री अविनाश लवानिया सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833